राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश
हिन्दी समाचार पत्र
लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

सीबीआई कोर्ट से बरी होने ...8

दैनिक बुद्ध का संदेश 9795951917,9415163471 @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com
शनिवार, 29 अप्रैल 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण www.budhakasandesh.com वर्ष: 10 अंक: 128 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रुपया
लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 सम्पादक : राजेश शर्मा उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

गडकरी ने नाम लिए बिना चीन को दिया संदेश

कहा: सभी की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करें एससीओ देश

नई दिल्ली। रक्षा क्षेत्र में सम्मान करना चाहिए। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने यह बात कही। गडकरी ने चीन समेत किसी देश का नाम नहीं लिया, लेकिन उनकी यह बात बीजिंग के लिए स्पष्ट नसीहत है, जो वन बेल्ट, वन रोड सरीखी

सहयोग की चीन की पेशकश के प्रति ठंडा रुख दिखाने के अगले ही दिन भारत ने एससीओ की एक और बैठक में चीन को यह संदेश देने में संकोच नहीं किया कि कनेक्टिविटी एक बड़ी प्राथमिकता है, लेकिन इस संगठन के सभी देशों को दूसरों की संप्रुभता और क्षेत्रीय अखंडता का पूरा अपनी इन्फ्रा विकास की परियोजनाओं को लेकर कई क्षेत्रीय विवादों में घिरा है। एससीओ में शामिल देशों के परिवहन मंत्रियों की बैठक में चीन और पाकिस्तान वर्चुअल रूप से शामिल हुए। भारत इस वर्ष एससीओ की अध्यक्षता कर रहा है। एससीओ के महत्व को समझता है भारत: गडकरी ने कहा कि दूसरे देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करते हुए मांग आधारित और पर्यावरण की दृष्टि से भी अनुकूल विकास की जरूरत है। आर्थिकी को प्रोत्साहन और क्षेत्र में व्यक्ति से व्यक्ति के संपर्क को बढ़ावा देने के लिए भारत एससीओ के महत्व को समझता है।

नई तकनीकें अपनाने की जरूरत

गडकरी ने कहा कि सड़क क्षेत्र की मौजूदा चुनौतियों का सामना करने के लिए नई तकनीकें अपनाने की जरूरत है। हम यह सामूहिक संदेश दे सकते हैं कि हमारे समक्ष जो भी चुनौतियां हैं, उनका पूरी प्रतिबद्धता के साथ मिलकर सामना किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सहयोग बढ़ाने के लिए बना विशेष कार्यसमूह बैठक के दौरान परिवहन के क्षेत्र में सदस्य देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए एक विशेष कार्य समूह की स्थापना का भी निर्णय लिया गया। यह समूह परिवहन में कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने तथा डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देने वाली सदस्य देशों के सबसे अच्छे तौर–तरीकों को सभी के साथ साझा करेगा। एससीओ में एक–दूसरे के लिए उपयोगी जानकारी के लिए बैठकें आयोजित की जाएंगी।

कर्नाटक में बोले राहुल गांधी, हमारी सरकार आने वाली है, इसे कोई नहीं रोक सकता

बंगलुरु। कर्नाटक में चुनावी प्रचार जोर पकड़ने लगा है। कांग्रेस और भाजपा के बड़े नेता लगातार चुनाव प्रचार कर रहे हैं। इन सब के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी आज कर्नाटक में चुनाव प्रचार करने पहुंचे हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि

कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बनने वाली है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि हमारी सरकार आने वाली है। उसको कोई नहीं रोक सकता है। उन्होंने भाजपा पर निशाना भी साधा। उन्होंने कहा कि ये भी तय है कि भाजपा को 40 अंक बहुत अच्छा लगता है, इसलिए कर्नाटक की जनता इनको 40 सीट देगी। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी को कम से कम 150 सीटें मिलेंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि 3 साल इन्होंने (भाजपा) चोरी की, 40: कमीशन लिया। राहुल गांधी ने कहा कि 50 हजार नौकरियां जो आपके हैं, वो रिक्त पड़े हैं। हम इन 50 हजार रोजगार को भरेंगे। हम यहां विशेष शिक्षा क्षेत्र नीति आपको देंगे, जिससे प्प्ज और प्प्ड भी यहां आए। राहुल ने कहा कि जब 371–श्र की बात हुई थी तो अटल–आडवाणी जी ने कहा– यह नहीं किया जा सकता, फिर जैसे ही हमारी सरकार आई, हमने कर दिखाया। उन्होंने कहा कि आपको हजारों की संख्या में रोजगार मिला लेकिन सच ये है कि ठश्रच सरकार 371–श्र को इम्प्लीमेंट नहीं करती है।– 50 हजार खाली पदों को हम भरेंगे, – स्पेशल एजुकेशन पॉलिसी लाएंगे, – 5,000 करोड़ रुपए इस रीजन के लिए आवंटित करेंगे, – हर ग्राम पंचायत को 1 करोड़ रुपए मिलेगा।

इससे पहले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि कर्नाटक में उनकी पार्टी की सरकार बनने पर मछुआरा समुदाय को 10 लाख रुपये का बीमा, महिला मछुआरों को एक लाख रुपये का ब्याजमुक्त कर्ज और प्रतिदिन 500 लीटर तक के डीजल पर 25 रुपये प्रति लीटर की सब्सिडी दी जाएगी। उन्होंने कर्नाटक के उडुपी जिले में मछुआरा समुदाय के लोगों के साथ संवाद के दौरान आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार और महंगाई के कारण मछुआरों को परेशानी हो रही है तथा उनके लिए बैंक से कर्ज ले पाना मुश्किल हो गया है।

खड़गे के सांप वाले बयान पर अमित शाह बोले–

कांग्रेस वालों की मति मारी गई है

धारवाड़ । कर्नाटक चुनाव लेकर सियासी संग्राम तेज हो गई है। वार–पलटवार का दौर लगातार देखने को मिल रहा है। इन सब के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कर्नाटक के धारवाड़ में चुनाव प्रचार करने पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान पर पलटवार किया और खुद पर कराए गए एफआईआर पर कहा कि मैं नहीं डरता। अमित शाह ने साफ तौर पर कहा कि पूरी दुनिया जिस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इतना सम्मान करती है, उन्हें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विशैला सांप कहते हैं, सोनिया गांधी उन्हें मौत का सौदागर कहती हैं। इसके साथ ही उन्होंने तंज भरे लहजे में कहा कि कांग्रेस वालों की मति मारी गई है, वे मोदी जी को जितनी गाली देंगे कमल उतने ही अच्छे से खिलेगा।

खरगे ने बृहस्पतिवार को कर्नाटक में गडग जिले के रोन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, ''गलती मत कीजिए। मोदी जहरीले सांप की तरह हैं। अगर आप कहते हैं कि वह जहरीले नहीं हैं तो छूकर देखिए, पता चल जाएगा। अगर आप छूएंगे तो मर जाएंगे।'' वहीं, कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने पुलिस में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान को लेकर बृहस्पतिवार को उनके खिलाफ शिकायत दी, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बन गई तो राज्य 'दंगों की चपेट में रहेगा।' कांग्रेस की शिकायत पर अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस ने मेरे खिलाफ पुलिस में थ्प्त् दर्ज कराई है। हमने च्थ्प् पर बैन लगाकर कर्नाटक को सुरक्षित किया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि मैं नहीं डरता हूं। भाजपा नेता ने यह भी कहा कि आपको कोई आपत्ति है तो आकर बताइए कि क्यों च्थ्प् को चालू रखना चाहिए...वोट बैंक की लालच में कांग्रेस ने च्थ्प् को सिर पर चढ़ाया था। विपक्षी दल पर हमला जारी रखते हुए शाह ने कहा कि कांग्रेस 70 साल से धारा 370 को एक बच्चे की तरह अपनी गोद में सहला रही थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, जेडीएस, सपा, बसपा, ममता सब कहते थे कि इसे मत हटाइए कश्मीर में खून की नदियां बह जाएगी। धारा 370 हट गई खून की नदियां तो छोड़िए किसी की कंकड़ चलाने की भी हिम्मत नहीं हुई। उन्होंने कहा कि एक तरफ राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी है और दूसरी तरफ पीएम मोदी के नेतृत्व में हमारी बीजेपी पार्टी है। यह चुनाव यह तय करने के लिए है कि कर्नाटक की जनता मंच को आगे ले जाने के लिए डबल–इंजन सरकार (बीजेपी) चाहती है या रिवर्स–गियर सरकार (कांग्रेस)।

धनखडने जयराम रमेश के खिलाफ जारी विशेषाधिकार हनन नोटिस विशेषाधिकार समिति को भेजा

नयी दिल्ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कांग्रेस के मुख्य सचेतक जयराम रमेश के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक सांसद द्वारा की गई कथित विशेषाधिकार हनन की शिकायत को जांच के लिए

विशेषाधिकार समिति के पास भेजा है। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने राज्यसभा के सभापति के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी करने और उनकी निष्पक्षता पर सवाल उठाने के लिए रमेश के विरुद्ध विशेषाधिकार हनन की शिकायत की थी। रमेश ने संसद के पिछले बजट सत्र के दौरान कथित तौर पर कहा था कि राज्यसभा के सभापति को सत्तारूढ़ गठबंधन का 'चीयरलीडर' नहीं होना चाहिए और उन्हें विपक्ष की आवाज भी सुननी चाहिए। मालूम हो कि अडाणी मामले की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच कराने की मांग को लेकर विपक्ष के हंगामे के चलते बजट सत्र में राज्यसभा की कार्यवाही बार–बार बाधित हुई थी और इस दौरान सदन में कोई भी महत्वपूर्ण कामकाज नहीं हो सका था। राज्यसभा सचिवालय द्वारा "राज्यसभा की विशेषाधिकार समिति के पास विशेषाधिकार हनन से संबंधित एक शिकायत भेजे जाने" के संबंध में जारी आधिकारिक पत्र से इस कार्रवाई की पुष्टि हुई। पत्र में कहा गया है, "सदस्यों को सूचित किया जाता है कि राज्यसभा के सभापति ने कांग्रेस सदस्य जयराम रमेश द्वारा सभापति के खिलाफ जानबूझकर लगातार अपमानजनक टिप्पणी करने और उनकी निष्पक्षता पर सवाल उठाने को लेकर भाजपा सदस्य डॉ. सुधांशु त्रिवेदी की ओर से की गई शिकायत से उपजे कथित विशेषाधिकार हनन के मुद्दे को काउंसिल ऑफ स्टेट्स (राज्यसभा) के प्रक्रिया एवं कार्य–संचालन नियम के नियम–203 के तहत विचार करने, जांच करने और रिपोर्ट सौंपने के लिए विशेषाधिकार समिति के पास भेजा गया है।"

ईदगााह के बाहर सड़क पर नमाज अदा करने के आरोप में करीब 2,000 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

कानपुर। कानपुर शहर के बजरिया, बेगमपुरवा और जाजमऊ सहित विभिन्न इलाकों में ईद के मौके पर बिना अनुमति के ईदगाह के बाहर सड़क पर नमाज अदा करने के आरोप में लगभग 2,000 लोगों के खिलाफ तीन अलग अलगप्राथमिकी दर्ज की गई हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक इन मामलों में अभी किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। सड़क पर नमाज पढ़ रहे लोगों के वीडियो रिकॉर्ड किए जाने के बाद प्राथमिकी दर्ज कीथी। नाम न छापने की शर्त पर एक पुलिस अधिकारी ने कहा, नमाज अदा करने वाले

लोगों की पहचान वीडियो के आधार पर की जाएगी, जिसके बाद उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस कार्रवाई से खफा ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य मोहम्मद सुलेमान ने पत्रकारों से कहा कि पुलिस द्वारा एक विशेष समुदाय के लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है और पुलिस कार्रवाई से लगता है कि राष्ट्र केवल एक धर्म का है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग ईद की नमाज के लिए देर से आए और ईदगाह परिसर के अंदर जगह नहीं मिलने पर उन्होंने सड़क पर नमाज अदा की। वरिष्ठ उपनिरीक्षक (एसएसआई) ओमवीर सिंह की शिकायत पर ईदगाह प्रबंधन समिति के सदस्यों सहित 1000–1500 अज्ञात लोगों के खिलाफ बजरिया थाने में पहली प्राथमिकी दर्ज की गयी।

बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण के जेल जाने तक जारी रहेगा विरोध: बजरंग पुनिय

नई दिल्ली। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता बजरंग पुनिया ने शुक्रवार को दिल्ली पुलिस से भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृजभूषण सिंह को सलाखों के पीछे डालने का आग्रह किया। विनेश फोगट, बजरंग पुनिया और साक्षी मलिक जैसे स्टार पहलवान ॅथ्प् प्रमुख के खिलाफ विरोध कर रहे हैं। तीन महीने पहले पहलवानों ने महासंघ प्रमुख पर यौन उत्पीड़न और ॅथ्प् पर गलत तरीके से धन और कुप्रबंधन का आरोप लगाया था। बजरंग ने पुष्टि की कि दिल्ली पुलिस को बृजभूषण सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए सुप्रीम कोर्ट से एक आदेश मिला था, और सवाल किया कि अगर कोई महासंघ प्रमुख एथलीटों को परेशान करेगा, तो एथलीट

किसके पास शिकायत करेंगे। बजरंग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ष्सख्त कार्रवाई करें और उसे जल्द से जल्द सलाखों के पीछे डालें। दिल्ली पुलिस को सुप्रीम कोर्ट से एफआईआर दर्ज करने का आदेश मिला है। जब एक महासंघ का प्रमुख इस तरह परेशान करेगा तो एथलीट अपनी शिकायत किसके पास ले जाएगा। महासंघ में प्रमुख से बड़ा कोई नहीं है। दिल्ली पुलिस को चाहिए।ष बजरंग ने यह भी खुलासा किया कि केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर एथलीटों के फोन कॉल ष्नहीं उठा रहे हैंष। विनेश फोगट ने आगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सेॅथ्प् प्रमुख को सभी पदों से बर्खास्त करने की अपील की। विनेश फोगट ने कहा, ष्मैं पीएम मोदी से अपील करती हूं कि नैतिक आधार पर बृजभूषण को सभी पदों से बर्खास्त कर दिया जाना चाहिए। वह जांच को प्रभावित कर सकते हैं।ष विनेश फोगट ने कहा, ष्वरिष्ठ खिलाड़ी और बॉलीवुड हस्तियों ने हमारा समर्थन किया है, लेकिन खेलों को ऐसी हस्तियों से मुक्त कराने के लिए हमें साथ आना होगा।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भेंट की

नयी दिल्ली। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भेंट की। राष्ट्रपति भवन ने राष्ट्रपति मुर्मू के हवाले से चित्र के साथ ट्वीट कर यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने राष्ट्रपति भवन जाकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भेंट की। समझा जाता है कि मुख्यमंत्री स्टालिन चेन्नई में बने नए सरकारी अस्पताल के उद्घाटन को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को आमंत्रित करने आए हैं।

अयोध्या में इस दिन भव्य मंदिर में प्राण–प्रतिष्ठित होंगे भगवान राम

अयोध्या। अयोध्या के राम मंदिर का निर्माण जोरों पर चल रहा है और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को होगी। भगवान राम के गर्भगृह का निर्माण दिसंबर 2023 तक पूरा हो जाएगा और भक्तों के लिए जनवरी 2024 में इसे खोल दिया जाएगा। हालांकि, दूसरी मंजिल और मंदिर के अन्य हिस्सों का निर्माण जारी रहेगा। भगवान राम और सीता मां की मूर्तियों को बनाने के लिए शालिग्राम के पत्थरों का इस्तेमाल किया गया है। मूर्तियों को बनाने के लिए जिन पत्थरों का इस्तेमाल किया गया है, वे नेपाल से खरीदे गए हैं और माना जाता है कि वे 60 मिलियन वर्ष पुराने हैं और नेपाल की काली गंडकी नदी में खोजे गए थे। भगवान राम की मूर्ति की ऊंचाई 5 से 5.5 फीट के बीच होगी। भगवान राम की ऊंचाई इस तरह से चुनी गई है कि रामनवमी के दिन सूर्य की किरणें सीधे भगवान राम

के माथे पर पड़े। यानि कि राम लला की मूर्ति पर राम नवमी के दिन सूर्य की किरणें अभिषेक करें। मूर्तियों का निर्माण अयोध्या में होगा जहां राम मंदिर का निर्माण चल रहा है। इससे पहले श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरि महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की मूर्ति स्थापित करेंगे। उस दिन ऐसे समय किया जाएगा जब पांच मिनट तक सूर्य की किरणें रामलला के ललाट पर रहेंगी। इसे सूर्य तिलक कहा गया है।

मंदिर का निर्माण पूरा होने से पहले ही उसे दान मिलना शुरू हो गया और मंदिर ट्रस्ट द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, जनवरी 2023 से मंदिर का दान तीन गुना बढ़ गया है। अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर के मूल गर्भगृह में राम लला की बाल्यकाल की पांच फुट ऊंची, धनुर्धारी रूपी प्रतिमा स्थापित की जाएगी। रामलला की नई मूर्ति को लेकर विचारविमर्श करने के लिए अयोध्या में ट्रस्ट की दो दिवसीय बैठक सोमवार से आयोजित हुई थी। राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि हमें शीर्ष संतों और हिंदू विद्वानों से सुझाव मिले हैं कि राम लला की प्रतिमा उनके बाल्यकाल की, करीब 5–6 साल के बच्चे की तरह होनी चाहिए। विचार यह है कि केवल एक, खड़ी मुद्रा वाली प्रतिमा बनाई जानी चाहिए।

भाजपा प्रत्याशियों को जिताए, विकास के लिए पैसे की कमी नहीं होगीः मुख्यमंत्री

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। नगर निकाय चुनाव को लेकर बलरामपुर के छोटा परेड ग्राउंड में आयोजित जनसभा को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्बोधित किया। जनसभा को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बलरामपुर मेरे लिए गोरखपुर जैसा ही है यह धरती पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की कर्मभूमि रही है। यहा के राजपरिवार ने बलरामपुर की अलग पहचान बनाई है। उन्होंने नगर निकाय चुनाव में खड़े भाजपा प्रत्याशियों को भारी मतों से जिताने का आवाहन करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार में हर तरफ विकास हो रहा है। बलरामपुर एक आकांक्षी जनपद से निकल कर आज विकासशील जनपद में गिना जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ९ वर्षों में भारत की तस्वीर बदल कर रख दी है २०१४ से पहले भारत की पहचान भ्रष्टाचार में लिप्त देश के रूप में होता था आज भारत संकटमोचक देश के रूप में होता है। भारत वैश्विक मंच पर सम्मान पा रहा है। करोड़ों लोगों को रसोई गैस का

कनेक्शन, विद्युत कनेक्शन, शौचालय का लाभ, लाखों लोगों को मुफ्त इलाज की सुविधा दी जा रही है। डबल इंजन की सरकार में सरयू नहर की परियोजना पूरी की गई है। बलरामपुर को मेडिकल कॉलेज की सुविधा दी गई है। पहले सड़क का पैसा, गरीब का पैसा, नहर का पैसा नाली का पैसा हड़प लिया जाता था आज माफिया गले में तख्ती लटकाकर माफी मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी 4 मई को कमल के फूल पर मोहर लगा कर भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनायें हम पैसे की कमी नहीं होने देंगे। जनसभा में प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल, जिला प्रभारी त्रयंबक तिवारी, जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह, सदर विधायक पल्टूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाशनाथ शुक्ला, उतरौला विधायक रामप्रताप वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, श्रावस्ती के पूर्व सांसद जिला पंचायत अध्यक्ष ददन मिश्रा, पूर्व मंत्री हनुमंत सिंह, पूर्व विधायक शैलेष कुमार सिंह, पूर्व नगरपालिका चेयरमैन कुसुम चौहान, बलरामपुर से प्रत्याशी डॉ धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू, उतरौला प्रत्याशी सविता गुप्ता, तुलसीपुर प्रत्याशी रंजना गुप्ता, गैसड़ी प्रत्याशी मदन जायसवाल, पचपेड़वा प्रत्याशी रवि वर्मा, रमेश पहवा, संजय शर्मा मंच पर उपस्थित रहे। जनपद के पाचों निकायों की हजारों की संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

जिले के चार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को मिला कायाकल्प पुरस्कार

■ जन स्वास्थ्य सुविधाओं, साफ-सफाई व प्रबंधन व्यवस्था आदि पर आधारित मानक स्कोर तय करती है केंद्र सरकार,

■ आकलन में सीएचसी करनैलगंज, परसपुर, पण्डरी कृपाल तथा वजीरगंज हुए पास, जारी हुआ एक-एक लाख रुपए का प्रोत्साहन पुरस्कार

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोंडा। केंद्र सरकार की ओर से कायाकल्प पुरस्कार 2022–23 के लिए प्रदेश के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की सूची जारी की गयी है। इस सूची में जिले के चार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों का भी नाम शामिल है। पुरस्कृत होने वाली स्वास्थ्य इकाईयों में सीएचसी करनैलगंज, परसपुर, पण्डरी कृपाल तथा वजीरगंज को चयनित किया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रश्मि वर्मा ने बताया कि कायाकल्प स्कोर के आधार पर चिकित्सा इकाईयों को सरकार द्वारा प्रोत्साहन राशि आवंटित की गयी है। सीएमओ ने बताया कि कायाकल्प अवार्ड योजना के तहत इस बार जिले के छः सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का मूल्यांकन किया गया था। मूल्यांकन में चार केन्द्रों को 70 फीसदी व उससे अधिक अंक प्राप्त हुए हैं। इनमें सीएचसी करनैलगंज का कायाकल्प स्कोर 79.43, सीएचसी परसपुर का कायाकल्प स्कोर 75.29, सीएचसी पण्डरी कृपाल का कायाकल्प स्कोर 71.14 व सीएचसी वजीरगंज का कायाकल्प स्कोर 70.00 है। इन सभी स्वास्थ्य केन्द्रों को एक–एक लाख रूपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई है। उन्होंने बताया जिन स्वास्थ्य इकाइयों को यह पुरस्कार मिला है, इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं और आगे इससे बेहतर रैंक पाने के लिए प्रयासरत रहें तथा जिन स्वास्थ्य इकाइयों को यह पुरस्कार नहीं मिला है, वह कमियों को पूरा कर अगली बार रैंक पाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहें। सीएमओ ने बताया कि 70 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करने में संबंधित इकाई के अधीक्षक, वहां की टीम, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधन इकाई और जिला क्वालिटी एश्योरेंस सेल के सम्मलित प्रयासों से यह सफलता हांसिल हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कुल 327 सीएचसी ऐसे हैं, जिन्होंने 70 फीसदी से अधिक अंक हासिल कर यह पुरस्कार प्राप्त किया है। संबंधित जिलों को मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश की ओर से पत्र भेजकर पुरस्कार की सूचना दी गई है। क्वालिटी एश्योरेंस के नोडल व एसीएमओ डॉ जय गोविन्द ने बताया कि पुरस्कृत चिकित्सा इकाईयों को नियमानुसार प्राप्त धनराशि का 75 प्रतिशत अस्पताल में चिन्हित कमियों को पूरा कर स्वास्थ्य सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण करने तथा उपकरणों के रख–रखाव व्यवस्था आदि सुनिश्चित करने में खर्च की जाएगी। राशि का 25 प्रतिशत अधिकारियों व कर्मचारियों के उत्साहवर्धन पर खर्च किया जाएगा। इन आधार पर होता है मूल्यांकन दृ क्वालिटी एश्योरेंस के डिस्ट्रिक्ट कंसल्टेंट डॉ सुशील कुमार ने बताया कि कायाकल्प अवार्ड के लिए अस्पताल का चयन वहां के रख–रखाव, स्वच्छता व साफ–सफाई, बॉयोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट, इंफेक्शन कंट्रोल प्रैक्टिसेज, हाइजीन प्रमोशन व मरीजों के फीडबैक के मूल्यांकन पर तीन चरणों (इन्टर्नल, पीयर एवं एक्सटर्नल) में किया जाता है।

हत्या के 2 आरोपी गिरफ्तार, आलाकत्ल बरामद

दैनिक बुद्ध का संदेश

अलावल देवरिया,गोंडा। मंगलवार 25.04.2023 को थाना धानेपुर क्षेत्र के अन्तर्गत एक युवक (सद्दाम) की चाकू से गोद कर हत्या करने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा शिवराज द्वारा तत्काल डॉग स्क्वायड व फारेंसिक टीम के साथ घटना स्थल का निरीक्षण किया गया था। मृतक के पिता इदरीश पुत्र इसमाइल निवासी चौनवापुर मौजा बछईपुर थाना धानेपुर की तहरीर पर थाना धानेपुर में सम्बन्धित धाराओ में अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर द्वारा घटना को संज्ञान में लेकर आरोपी अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश थानाध्यक्ष धानेपुर को दिए थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना धानेपुर पुलिस द्वारा विवेचना के क्रम में प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर घटना कारित करने वाले 2 आरोपी अभियुक्तो सनवर उर्फ सनउव्वर पुत्र मुनव्वर व चंदा बानो पत्नी मुनव्वर निवासी चौनवापुर मौजा बछईपुर थाना धानेपुर जनपद गोंडा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे आलाकत्ल 1 अदद नाजायज चाकू बरामद किया गया। थानाध्यक्ष धानेपुर ब्रह्मानंद सिंह ने बताया कि पूछताछ के दौरान अभियुक्त सनवर द्वारा बताया गया कि मेरी मां व मृतक सद्दाम के बीच अवैध सम्बन्ध था। जिस कारण उसके दोस्त उसकी हंसी–मजाक उड़ाया करते थें। इसी बात से क्षुब्ध होकर मैने अपनी मां के ऊपर अपनी बहन को मारने का दबाव बनाया था। जिस कारण मेरी मां सद्दाम को मारने हेतु मान गयी थी। बीते दिवस मंगलवार की रात मृतक सद्दाम को मेरी मां ने खेत में बुलाया था। जहां पर मैने सद्दाम के ऊपर चाकू से वार कर हत्या कर दी थी। उन्होंने बताया कि अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना धानेपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना धानेपुर में अभियोग पंजीकृत मु0अ0सं0–135ध्23, धारा 302,34 भादवि व 4ध्25 आर्म्स ऐक्ट के तहत थाना धानेपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार कर्ता टीम में थानाध्यक्ष धानेपुर बी0एन0 सिंह मय टीम शामिल रहे।

पुलिस ने पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरा डीवीआर सिस्टम को किया चेक मिले दुरुस्त

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोंडा। मोतीगंज पुलिस ने मोतीगंज थाना क्षेत्र के विभिन्न

स्थानों पर पड़ने वाले पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरा तथा डीवीआर सिस्टम को चेक किया गया जो दुरुस्त मिला थाना अध्यक्ष मोतीगंज प्रबोध कुमार ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर थाना क्षेत्र के कहोबा तथा फरेंदा में बने पेट्रोल पंप पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा पेट्रोल पंप ऊपर लगे सीसीटीवी कैमरा व पीवीआर सिस्टर डीवीआर सिस्टम को चेक किया गया जो दुरुस्त मिले उन्होंने बताया कि इस दौरान पेट्रोल पंप कर्मियों को जागरूक करते हुए उन्हें सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई और जागरूक किया गया पेट्रोल पंप कर्मचारियों को बताया गया कि पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरा तथा डीवीआर सिस्टम को हमेशा सही रखें जिससे कोई दिक्कत ना आए उन्होंने पेट्रोल पंप कर्मियों को सुरक्षा संबंधी जानकारी देते हुए जागरूक किया।

कम्पोजिट विद्यालय सोनबरसा के बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

■ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनकापुर की डॉ किरन कसौधान ने बच्चों को बताए स्वस्थ रहने के गुर

गोंडा। शुक्रवार को शिक्षा क्षेत्र मनकापुर के कम्पोजिट विद्यालय सोनबरसा बक्सरा आज्ञाराम के बच्चों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनकापुर के डॉक्टरों की टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। बच्चों का वजन और लंबाई का मापन किया गया। त्वरित निदान वाले बच्चों को डॉ द्वारा द्वारा दवाइयां दी गई। सोलह बच्चों को नेत्र परीक्षण, चश्मा बनवाने व अन्य जटिल समस्याओं के समाधान हेतु शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुलाया गया। स्वास्थ्य परीक्षण में ऐसा देखा गया कि ज्यादातर बच्चे एनैमिक थे। जिन्हें आयरन की गोली फोलिक एसिड उपलब्ध कराया गया। साथ ही संतुलित आहार लेने की सलाह दी गई। डॉ कसौधन ने बच्चों से मुखातिब होते हुए स्वस्थ कैसे रहा जाए के गुर बताए। टीम में सहायक के रूप में रेनू देवी, वन्दना पांडेय व सियाराम ने अपने उत्तरदायित्व का बखूबी निर्वहन किया। बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करने हेतु शिक्षक बलजीत सिंह कनौजिया, राम अनुज, शताब्दी वर्मा, सुरेश कुमार, अनुराधा मिश्रा, अमर ज्योति शर्मा व चित्रावती मौर्य द्वारा पूरी टीम का आभार व्यक्त किया गया।

अनियंत्रित वाहन के चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत

परिजनों में मचा कोहराम,रो रोकर बुरा हाल

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोण्डा। जिले के इटियाथोक थाना क्षेत्र के बकठोरवा चौराहे के समीप गोंडा बलरामपुर मार्ग पर अनियंत्रित वाहन के चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वही हादसे को अंजाम देने के बाद वाहन चालक वाहन को छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मिली जानकारी के मुताबिक धनोहरी गांव निवासी मुस्ताक बृहस्पतिवार की देर रात

गोंडा से वापस अपने घर आ रहा था। रास्ते में बकठोरवा बाजार के समीप बलरामपुर की तरफ से आ रही अनियंत्रित कार ने मोटर साइकिल को ठोकर मार दी। जिससे बाइक सवार मुस्ताक गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। जब तक आसपास के लोग मौके पर पहुंचते,चालक वाहन को छोड़कर फरार हो गया। घटना की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया और स्वजनों का रो–रोकर हाल बेहाल है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक संतोष सरोज ने बताया कि मृतक के भतीजे अफसर अली की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

अपना दल एस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल का जन्मदिन धूम धाम से मनाया गया

दैनिक बुद्ध का सन्देश

मनकापुर,गोंडा। अपना दल एस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल का जन्मदिन अपना दल एस कार्यालय छपिया में धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राकेश वर्मा ने कहा की समाज के सभी वर्गों के उत्थान व उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए एवं सामाजिक न्याय के सभी मुद्दों को केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने सड़क से संसद तक प्रभावी ढंग से उठाया है। अपना दल एस के पदाधिकारियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के जन्मदिन की एक दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर राम प्रगट पटेल, रामधीरज पटेल, अमर सिंह पटेल, रवि वर्मा,संजय सिंह देवदत्त उपाध्याय, बाबूलाल निषाद, किशन पासवान, सुरेश यादव, मुकेश निषाद,प्रिंस पटेल आदि उपस्थित रहे।

किसी भी चुनाव को जीतने के लिए बूथ प्रबंधन की बड़ी भूमिका होती हैः राधामोहन सिंह

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। भाजपा जिला कार्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष महेश शुक्ल की अध्यक्षता में जन प्रतिनिधि संचालन समिति, स्थानीय निकाय की बैठक सम्पन हुई। बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्षध्प्रदेश प्रभारी सांसद राधामोहन सिंह उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह ने कहा कि किसी भी चुनाव को जीतने के लिए बूथ प्रबंधन की बड़ी भूमिका होती है। हम सभी लोग अपने बूथों को और सशक्त करने में जुट जाएं सभी प्रमुख पदाधिकारी स्वयं में सबसे पहले अपने बूथ का सत्यापन करें कि मेरे अपने बूथ पर हमारी क्या स्थिति है। बूथ अध्यक्ष, बूथ समिति और पन्ना प्रमुख को एक–एक वोट की चिंता करनी हैं हमारे लिए एक–एक वोट बहुत महत्वपूर्ण हैं तभी हम अपना बूथ सबसे मजबूत का नारा सार्थक करेंगे। इसीलिए

बूथ अध्यक्ष और बूथ कमेटी के साथ सभी जनप्रतिनिधि,पदाधिकारी व कार्यकर्ता लग जाएं और 11 मई को प्रत्येक बूथ पर भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करवाएं। उन्होंने ने कहा कि आगामी 30 अप्रैल को प्रातः 11 बजे मा.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को हम बूथ स्तर पर 25–25 की संख्या के साथ सुनें जिसमें जनता की भागीदारी भी सुनिश्चित हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रही सरकार दलित शोषित वंचित पिछड़ा के लिए अनेकों जन कल्याणकारी योजनाएं जारी कर रही हैं। योजनाओं को बूथ स्तर पर जन–जन तक पहुंचाने का कार्य सभी जिम्मेदार पदाधिकारियों को करना है।

नगर पंचायत एवं नगरपालिका अध्यक्ष के साथ–साथ जब वार्डों में सदस्य भी भारी संख्या में जीत कर पहुंचेंगे जिससे आगामी लोकसभा चुनाव जितना काफी आसान हो जायेगा। बैठक को संबोधित राष्ट्रीय मंत्रीध्हरीश द्विवेदी, जिला प्रभारी अशोक सिंह ने किया संचालन नगर पालिका संयोजक पूर्व विधायक रवि सोनकर ने किया। बैठक में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, जिला सहकारीबैंक अध्यक्ष राजेंद्र नाथ तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी दिपांशु विक्रम सिंह, नगर पालिका प्रत्याशी सिमा खरे, पूर्व विधायक संजय जायसवाल, पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष दादा विजयसेन सिंह, पूर्व सांसद अष्टभुजा शुक्ला, राजेन्द्र गौड़, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेम सागर तिवारी, सुशील सिंह, दयाशंकर मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख यशकांत सिंह, रघुनाथ सिंह, अभिषेक कुमार, दुष्यंत विक्रम सिंह,जिला उपाध्यक्ष आशा सिंह, अरविंद श्रीवास्तव गोला, रवि प्रताप सिंह, प्रतुष विक्रम सिंह, रामचरण चौधरी, अनूप खरे, गजेंद्र सिंह, कुँवर आनंद सिंह, अखण्ड प्रताप सिंह, अजय पाल सिंह, श्याम विहारी गौड़, अध्यक्ष रोली सिंह, जान पाण्डेय, उत्कर्ष शुक्ला, भूपेंद्र सिंह राणा, अभिषेक सिंह गोलू, सहित आदि कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

महिलाओं के हाथों में होगी देखरेख की कमान,दुल्हन की तरह सजाए जाएगें बूथ

दैनिक बुद्ध का संदेश

उतरौला,बलरामपुर। नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन अन्तर्गत उतरौला नगर में एक पिंक बूथ बनाया जाएगा। पिंक बूथ की विशेषता यह होगी कि यहां पर तैनात पोलिंग पार्टियों में सभी कार्मिक महिला होंगी। नगर निकायों में स्थापित किए जाने वाले पिंक बूथों को आकर्षक ढंग से सजाया जाएगा।उल्लेखनीय है कि राज्य निर्वाचन आयोग के गाइड लाइन के अनुसार पिंक बूथों पर मतदान की प्रक्रिया को सकुशल संपन्न कराने हेतु नियुक्त महिला कर्मियों को चुनाव तिथि से पहले तकनीकी एंव व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। उक्त जानकारी उपजिलाधिकारीधनिर्वाचन अधिकारी उतरौला संतोष कुमार ओझा ने देते हुए बताया कि महिला सशक्तिकरण के संदेश को जन जन तक पहुंचाए जाने के उद्देश्य से स्कालर एकाडमी स्कूल में एक पिंक बूथ की स्थापना की गई है।

घूंघट की ओट से बाहर देहरी लांघ मांग रही घर–घर वोट

दैनिक बुद्ध का संदेश

उतरौला,बलरामपुर। घूंघट की ओट से आने वाली जहां पर कह देती थी कि घर पर कोई नही है वही आज की दहेली लांघ कर दरवाजे अपने लिए तथा अपने पति के लिए वोटों को मांगती फिर रही हैं।जिस परिवार की बुजुर्ग महिलाएं बहुओं का चेहरा खुला देखकर तथा दरवाजे पर झांकने को बुरा भला कहकर मना करती थी,वही माताएं अब बहू को विजयी भव का आशीर्वाद देकर दूसरे के दरवाजे की चौखट चूमने को आशीष बचन दे रही हैं। बताते चलें कि जो बहुएं जेठ,ससुर के सामने से निकलने में शरमाती थी वही बहुएं आज ससुर जेठ के साथ वोट मांगने के लिए हर मतदाता का चरण वंदन करना भी मजबूरी समझ रही हैं। निकाय चुनाव चिन्ह को लेकर वह मतदाताओं के दरवाजे दस्तक देकर उन्हें अपना चुनाव निशान बताकर वोट देने की अपील कर रही हैं। और दरवाजे की दहलीज से बाहर निकलकर दूसरों के दरवाजे अपने व अपने परिवार के लिए वोट मांगती घूम रही हैं। शिक्षित महिलाए अपनी आजादी का अधिकार बताते हुए अपने पक्ष में मतदान की बात कर रही हैं वे अपने संबोधन में चाचा, चाची, भाभी कहकर मान मनौव्वल करने का काम जारी है। मंदिर व मस्जिद आये याद, ससुर जेठ के साथ पहुंच रही मतदाताओं के द्वार नगर निकाय चुनाव में अपनी जीत को सुनिश्चित करने के लिए अब प्रत्याशियों ने मतदाताओं के साथ साथ मंदिरों मस्जिदों की परिक्रमा शुरू कर दी है। वह मस्जिदों व मंदिरों में जाकर मत्था टेका, हाजियों व महंथों का आशीर्वाद लेने से भी नही चूक रहे हैं। नगर निकाय चुनाव में अपना भाग्य आजमा रहे भाजपा, सपा, बसपा, कांग्रेस सहित निर्दल प्रत्याशियों ने अपनी अपनी जीत को लेकर तथा मतदाताओं की चुप्पी को देखते हुए उन्होंने देवी देवताओं की परिक्रमा शुरू कर दी है। वह अपनी जीत को लेकर मंदिरों, मस्जिदों में भगवान से जिताने की गुहार लगा रहे हैं।मतदाताओं की दुविधा भरी बात को सुनकर उम्मीदवार किसी की जीत हार का आकलन नही कर पा रहे हैं मतदाताओं द्वारा साधी गई चुप्पी से परेशान प्रत्याशी अब अपनी जीत के लिए मंदिरों, मस्जिदों, तथा तांत्रिकों का सहारा लेने को दौड़ रहे हैं। अब देखना यह है कि ईश्वर पर किस प्रत्याशी की आस्था सफलता दिलाती है।

राजकमल जायसवाल ने प्रमिला देवी को दिया समर्थन- सांसद जगदंबिका पाल

सांसद जगदंबिका पाल, जिला संयोजक कन्हैया पासवान, सदर विधायक प्रतिनिधि सत्यप्रकाश राही की उपस्थिति में सभी ने भाजपा प्रत्याशी को विजय दिलाने को लेकर ली शपथ

दैनिक बुद्ध का संदेश

बर्डपुर,सिद्धार्थनगर। कपिलवस्तु नगर पंचायत में होने वाले अध्यक्ष पद के चुनाव हेतु व्यापार मंडल अध्यक्ष बर्डपुर राजकमल जायसवाल ने अपने समर्थित निर्दल प्रत्याशी इंद्रावती पत्नी पोलमन एवं अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी प्रमिला देवी के समर्थन में भाजपा निकाय चुनाव कार्यालय बर्डपुर पर सांसद जगदंबिका पाल एवं जिला संयोजक कन्हैया पासवान, सदर विधायक प्रतिनिधि सत्यप्रकाश राही की उपस्थिति में अपना समर्थन देते हुए भाजपा प्रत्याशी को जिताने का संकल्प लिया और कहा कि हम सब भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एकजुट होकर भाजपा प्रत्याशी को जिताने का कार्य करेंगे। समर्थन के दौरान सांसद जगदंबिका पाल एवं पदाधि

ाकारियों ने राजकमल जयसवाल एवं उनके समर्थकों को भगवा अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि प्रध ाानमंत्री नरेंद्र मोदी–मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जन जन के प्रति हो रहे ऐतिहासिक विकास कार्यों को देखते हुए पूरे प्रदेश में जनता ने निकाय चुनाव में भी हर सीट पर भाजपा प्रत्याशी को जिताने का मन बना लिया है। उसी तरह से आज नगर पंचायत कपिलवस्तु में भी विकास की गंगा बहाने को लेकर नगर पंचायत की देवतुल्य जनता ने भाजपा प्रत्याशी प्रमिला देवी को भारी मतों से विजयी बनाने हेतु भारी समर्थन दे रही है।वहीं नगर पंचायत कपिलवस्तु में भाजपा प्रत्याशी प्रमिला देवी के समर्थन में व्यापार मंडल बर्डपुर के अध यक्ष राजकमल जयसवाल ने समर्थन देकर प्रत्याशी को जिताने का संकल्प लिया है बल्कि यह भाजपा प्रत्याशी की जीत ना होकर यह हम सब की जीत होगी, भारतीय जनता पार्टी की जीत होगी। इस दौरान निकाय चुनाव संयोजक अजय उपाध्याय, मण्डल अध्यक्ष नितेश पाण्डेय, फूलचंद्र जायसवाल, पोलमन, घनश्याम जयसवाल, बृजेश सिंह, अमित उपाध्याय, सबलू साहनी, एस पी अग्रवाल, प्रेम जयसवाल, मोती जयसवाल, कंचन वर्मा, अमित उपाध्याय, संतोष उपाध याय, राधेश्याम पाण्डेय, विनोद अग्रहरी, परशुराम साहनी, सुनील जयसवाल, विनय कुमार, विवेक गोस्वामी, गिरजेश कुमार, राजकुमार चौधरी, रामशंकर, तेजबहादुर, रमेश कुमार, राजेंद्र, वीरेंद्र कुमार, रामकेश सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे। उपस्थित रहे।

निपुण भारत मिशन को लेकर डायट में आयोजित हुई मासिक समीक्षा बैठक

सभी मिलकर शत प्रतिशत लक्ष्य को पूरा करें: डायट प्राचार्य

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी,सिद्धार्थनगर। जिला शिक्षण एवम प्रशिक्षण संस्थान बांसी के सभागार मे प्राचार्य उपेंद्र कुमार की अध्यक्षता में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत

संचालित विभिन्न गतिविधियों क्रियाकलापों एवम अकादमिक पहलुओं के संचालन की मासिक समीक्षा की गई। प्रत्येक ब्लॉक की बिंदुवार समीक्षा के दौरान सभी को निर्देश दिया गया की हम सभी के सहयोग से ही निपुण भारत के लक्ष्य को ससमय प्राप्त करना है। स्कूल रेडिनेश कार्यक्रम, विद्या प्रवेश कार्यक्रम को सभी स्कूलों में लागू किया जाना है। निपुण भारत मिशन को समुदाय के माध्यम से हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए स्कूलों में प्रबंध समित की बैठक अभिभावकों की बैठक कर उनको इससे अवगत कराना है। निपुण भारत मिशन के उद्देश्य को तय समय पर प्राप्त करने का निर्णय लिया गया है, जिसकी पूर्ती के लिए गुणवत्तपूर्ण शिक्षा जिसके लिए संदर्शिका आधारित शिक्षण नियमित आंकलन उपचारात्मक शिक्षण किया जाना है। बैठक में डायट प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव, मंजुला यादव, प्रतिभा सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी एस आर जी अंशुमान सिंह, अपूर्व श्रीवास्तव ए आर पी विक्रांत त्रिपाठी सुरेंद्र प्रसाद सुभाष पांडेय मनोज पांडे प्रमोद त्रिपाठी, विक्रांत त्रिपाठी, विनय कांत मिश्र अनुपम सिंह शशिकांत त्रिपाठी देवेंद्र त्रिपाठी मस्तन सेरूललाह, राघवेंद्र तिवारी संघषील, सहित सभी डायट प्रवक्ता व ए आर पी उपस्थित रहे।

उ0प्र0 पंचायत सहायक संघ सिद्धार्थनगर ने दिया डीपीआरओ को ज्ञापन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जनपद शाखा सिद्धार्थनगर उत्तर प्रदेश के जिला अध्यक्ष अनिल सिंह के मार्गदर्शन में और पंचायत सहायक संघ के जिला अध्यक्ष राघवेंद्र मिश्रा ने डी0पी0आर0ओ0 सिद्धार्थनगर को ज्ञापन दिया। जिला अधक्ष राघवेंद्र मिश्रा के अनुसार संविदा पर कार्य कर रहे पंचायत सहायकों का 1 वर्ष नवंबर माह में पूर्ण हो गया है 11 महीने के बाद पंचायत सहायकों का नवीनीकरण होना था ज्यादातर पंचायत सहायकों का नवीनीकरण नहीं हुआ। इसके बावजूद पंचायत सहायकों से काम तो लिया जा रहा है लेकिन नवंबर से मार्च महीने तक का भुगतान रोक रखे हुए हैं जबकि ऐसा कोई भी आदेश नहीं आया है हम चाहते हैं कि सभी पंचायत सहायकों का नवीनीकरण 1 सप्ताह के अंदर कराकर मार्च महीने तक का सभी का मानदेय भुगतान करा दिया जाए और आगे हर महीने समय से सब का मानदेय मिलता रहे। पंचायत सहायकों को मिलने वाली कार्यालय संबंधी सामग्री जैसे कंप्यूटर सिस्टम इत्यादि का ना मिल पाना जिसकी वजह से कार्यालय संचालन में असुविधा होती है। बहुत ज्यादा मात्रा में अभी पंचायत भवन पूर्ण नहीं है यदि पूर्ण भी है तो कंप्यूटर सिस्टम ही नहीं लगा है सिस्टम प्रधान के घर पर लगा है जहां पर कुछ पंचायत सहायकों को काम करने में असुविधा होती है हम चाहते हैं कि सिस्टम पंचायत भवन में लगे पंचायत भवन पूर्ण नहीं है तो अन्यत्र किराए के मकान में सिस्टम को लगाया जाए पंचायत

भवन में लगे सिस्टम से भुगतान को सचिव और प्रधान अपने मनमाने तरीके से बाहरी ऑपरेटर से भुगतान करवाते हैं और हमें हमारा अधिकार नहीं मिल पाता है कारण यह है कि पंचायत सहायकों का भुगतान प्रशिक्षण सही तरीके से नहीं दिया गया है आप से अनुरोध है कि ब्लॉक स्तर पर या न्याय पंचायत स्तर पर पंचायत सहायकों को प्रशिक्षण भुगतान हेतु कराया जाए। सीएससी आईडी को लेकर यह है कि जब से हमारी नियुक्ति हुई तभी से हम सुनते आ रहे हैं पंचायत सहायकों को सीएससी आईडी मिलेगी जिससे गांव के लोगों का कार्य आसान हो सकेगा जैसा कि मुख्यमंत्री की सोच है कि गांव के व्यक्ति को ग्राम स्तर पर ही सभी सुविधा मिले जिसके हेतु पंचायत भवन का संचालन सुचारू रूप से सुनिश्चित हो आई डी का रजिस्ट्रेशन ज्यादा ब्लॉक में हो गया लेकिन वॉलेट में पैसे जमा नहीं हुए जिस वजह से आईडी आज तक सक्रिय नहीं हुई प्रत्येक ग्राम में सचिव और प्रधान के द्वारा एक अलग से अकाउंट खोलने की बात कही गई थी जिससे सीएससी आईडी के सारे भुगतान उसे अकाउंट से हो सके लेकिन आज तक ऐसा नहीं हुआ हम आपसे चाहते हैं कि जल्द से जल्द कार्य को पूरा कराया जाए कहीं–कहीं की समस्या है पंचायत सहायकों को असंवैधानिक तरीके से उनके पद से हटाया जा रहा है प्रकरण की जांच हो और जिले के जितने भी ब्लॉको में सचिवालय संचालित हैं वहां अभी भी अत्यधिक ग्राम पंचायतों में इंटरनेट कनेक्टिविटी की सुविधा उपलब्ध नहीं है जिससे कार्य करने में असुविधा होती है। जिला अध्यक्ष राघवेंद्र मिश्रा के द्वारा डीपीआरओ को ज्ञापन दिया गया ताकि भविष्य में पंचायत सहायकों के लिए कोई समस्या ना उत्पन्न हो। उक्त समय पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय, मिडिया प्रभारी गोविन्द वर्मा, कार्यकारी जिलाध यक्ष गौरी शंकर राय, जिला मंत्री अशोक कुमार, महेंद्र कुमार भारती कार्यकारी जिलाध्यक्ष, अजय कुमार उपाध्यक्ष, नितेश कुमार ब्लॉक अध्यक्ष, विवेक दुबे संगठन मंत्री, गायत्री कश्यप संगठन मंत्री, पूनम पंचायत सहायक, राहुल कुमार पंचायत सहायक, अजय कुमार उपाध्यक्ष, भगवान, गौरव कुमार।

सांसद ने किया बखिरा में भाजपा नगर पंचायत चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

दैनिक बुद्ध का संदेश

संतकबीरनगर। खलीलाबाद तहसील क्षेत्र के स्थिति नवसृजित

बखिरा नगर पंचायत के अध्यक्ष पद की प्रत्याशी डॉ हरिओम बख्शी हैं। इनके चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि सांसद प्रवीण निषाद ने उपस्थित लोगों को संबोधि ात करते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है धनघटा विधायक गणेश चौहान ने भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, रोजगार से लेकर कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने में जुटी है। इसके सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं। विकास को रफ्तार देने के लिए प्रदेश की जनता नगर निकाय चुनाव में सही प्रत्याशी का चुनाव करे। उसी दावेदार को विजयी बनाए, जो जनता के पक्ष में है। क्षेत्र का विकास करा सके। विशिष्ट अतिथि मेहदावल विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी ने जनता से वोट के मोल को पहचानने की अपील की। उन्होंने कहा कि वोट हमारी ताकत है। इसका सही इस्तेमाल करें। संत कबीर नगर के तहसील खलीलाबाद स्थित बखिरा नगर पंचायत के अध्यक्ष पद की प्रत्याशी डॉ हरिओम बख्शी हैं। इनके चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। कार्यालय का उद्घाटन मुख्य, सांसद प्रवीण निषाद व विशिष्ट अतिथि धनघटा विधायक गणेश चौहान मेहदावल विधायक अनिल त्रिपाठी पूर्व विधायक राकेश सिंह बघेल ने फीता काटकर किया। अनिल त्रिपाठी ने कहा कि निकाय चुनाव में सभी लोग अधिक से अधिक मतदान करें। भाजपा प्रत्याशियों को जीताएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था बेहतर हुई है। पहले माफिया राज था। अब माफिया घुटनों के बल पर आ गए हैं।

नगर पंचायत अध्यक्ष के सात प्रत्याशी चुनाव चिन्ह के साथ उतरे मैदान में

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार,सिद्धार्थनगर। नगर पंचायत उसका बाजार में इस बार तीसरी बार निकाय चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। वर्ष 2012 के चुनाव में कुल 20 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे, वर्ष 2017 के चुनाव में 11 प्रत्याशी रहे लेकिन इस बार के चुनाव में प्रत्याशियों की संख्या केवल सात है। शुक्रवार को प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित हुआ। सभी प्रत्याशी अपने चुनाव चिन्ह के साथ मतदाताओं के घर पर पहुंचे। वर्तमान निकाय चुनाव में पुनीता यादव समाजवादी पार्टी, मंजू जायसवाल भारतीय जनता पार्टी, माया देवी बहुजन समाज पार्टी, शायरा खातून कांग्रेस पार्टी की प्रत्याशी है इसके अलावा प्रभावती, पूजा एवम शमशा खातून चुनाव मैदान में है। पुनीता यादव निवर्तमान नगर अध्यक्ष है और मंजू जायसवाल के पति हेमंत कुमार जायसवाल पूर्व नगर अध्यक्ष रह चुके है। वर्ष 2012 के चुनाव में चंद्रगुप्त, बलराम, सुहेल अहमद, अमरेश, डॉक्टर अंबालिका, गिरिजा शंकर, जाहिरा खातून, तारामती, दयाराम, नूरुद्दीन, परशुराम, मदन, मदन जी, महेंद्र चौरसिया, मंटू, रहमत अली, रामनवल साहनी, सच्चिदानंद, सुरेश, हेमंत कुमार ने चुनाव लडा था। हेमंत कुमार निर्दल प्रत्याशी के रूप में चुनाव चिन्ह लड़का–लडकी से विजई हुए थे। वर्ष 2017 के निकाय चुनाव में प्रमिला देवी, बिंदुकली, अमेरिका, सावित्री, पुनीता, मंजू, बच्ची देवी, रंजू, रंजना, अनुपमा, साईदा चुनाव लड़ी थी। पुनीता पत्नी सुरेश यादव समाजवादी पार्टी की विजयी हुई थी। वर्ष 2017 के चुनाव में नोटा को 25 मत मिला था, अवैध मतों की संख्या 319 थी। निकाय चुनाव 2023 में पुनीता का साइकिल, मंजू जायसवाल का कमल का फूल, माया देवी का हाथी, शायरा खातून का हाथ का पंजा, प्रभावती का केतली, पूजा का शहनाई, शमशा खातून का लडका लडकी चुनाव चिन्ह है।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बाढ़ के संबध में बैठक संपन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। बाढ़ के संबध में तैयारी बैठक जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार, अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) उमाशंकर की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुई। जिलाधि ाकारी संजीव रंजन ने बाढ़ की तैयारी बैठक की अध्यक्षता करते हुए सिचाई निर्माण खण्ड तथा ड्रेनेज खण्ड के सभी अभियन्ताओं को निर्देशित किया कि बाढ़ से संबधित समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली जाये, अति संवेदनशील बंधो का निरीक्षण कर रैन कट, रैट होल, गैप आदि समय से भर ले, कोई भी कार्य किसी भी दशा में अवशेष नही रहना चाहिए। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) उमाशंकर को निर्देश दिया कि जनपद में बाढ़ में मैरूण्ड ग्रामों की सूची तैयार कर उपलब्ध कराये। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को बाढ़ से प्रभावित होने वाले ग्रामों में हैण्ड पम्पों का उच्चीकरण करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही बाढ़ से बचाव हेतु ग्रामवासियों का प्रशिक्षण कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को निर्देश दिया कि अपने क्षेत्र में भ्रमण कर तटबन्ध का निरीक्षण कर ले तैराको की सूची तैयार कर ले।

तथा नाव की मरम्मत भी करा ले। जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी तथा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि खाद्यान्न तथा भूसा चारा आदि का टेण्डर समय से करवा ले। गांवों के नाविको और पूर्व में जो भी बन्धे कट गये थे उनकी मरम्मत करा ले। अधि ाशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देश दिया कि बाढ़ के दौरान क्षतिग्रस्त तार एवं विद्युत पोल को ठीक करा ले। इस बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ उत्कर्ष श्रीवास्तव, डुमरियागंज, मुख्य चिकित्सा अधि ाकारी डा0 वी.के.अग्रवाल, अधि ाशासी अभियन्ता सिचांई निर्माण खण्ड आर0के0सिंह, ड्रेनेज खण्ड आर0के0नेहरा तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

आप प्रत्याशी विनीता सिन्हा ने झाड़ू लगाकर मांगे वोट

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। नगर पालिका परिषद चुनाव में प्रत्याशी मतदाताओं से

संवाद बनाने के लिये नये–नये प्रयोग कर रहे हैं। शुक्रवार को आम आदमी पार्टी प्रत्याशी विनीता पत्नी सिद्धेश सिन्हा ने इटैलिया, चिकवा टोला, सुर्तीहट्टा वार्डो में घर–घर जाकर बदलाव के लिये वोट मांगा। उन्होने चुनाव निशान झाड़ू से वार्डो में प्रतीक रूप में साफ–सफाई कर संदेश दिया कि जब झाड़ू जीतेगा तो भ्रष्टाचार पर भी झाड़ू चलेगा। समाजवादी पार्टी छोड़ आम आदमी पार्टी का दामन थामने वाले सिद्धेश सिन्हा ने मतदाताओं से कहा कि उन्हें दो बार सभासद बनाने का मौका आपने दिया है, नगर पालिका को भ्रष्टाचार मुक्त करने के लिये इस बार साथ दें। कहा कि उन्हें समस्याओं की पूरी जानकारी है और समाधान के रास्ते भी पता है। कहा कि झूठा वायदा नहीं करूंगा अवसर मिला तो बस्ती नगर पालिका क्षेत्र के लोग मिलकर पालिका को चलायेंगे। सम्पर्क के दौरान आम आदमी पार्टी प्रत्याशी विनीता पत्नी सिद्धेश सिन्हा के साथ जिलाध्यक्ष पतिराम आजाद, पूर्व जिलाध्यक्ष कुलदीप जायसवाल, अब्दुल वफा, किशन चौधरी, भाष्कर धुसिया, मोहित, संजय प्रसाद, दिनेश गुप्ता, चन्द्रभान कन्नौजिया, शकील अहमद 'छोटकन', राहुल जायसवाल, प्रमोद गुप्ता, पवन ठाकुर, सन्तोष श्रीवास्तव, पवन तिवारी, विवेक शुक्ल के साथ ही पार्टी के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे।

सम्पादकीय

सर्वाधिक आबादी की चुनौती

दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि मानव विकास आज भी हमारी प्राथमिकता नहीं है। नतीजतन, 140 करोड़ लोगों के देश में महज दस करोड़ व्यक्तियों का उपभोक्ता बाजार बना कर हम फूले नहीं समा रहे हैं। बहरहाल, सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश बनना एक मौका है, जब ऐसी कमियों की निर्ममता से समीक्षा की जानी ...

कुपोषण–ग्रस्त, अर्ध–शिक्षित और आज के तकाजे को पूरा ना करने वाले डिग्रीधारी नौजवानों की भीड़ के साथ भारत उन संभावनाओं को हासिल नहीं कर सकता है, जिन्हें चीन ने सबसे बड़ी आबादी का देश रहते हुए प्राप्त किया। पूरे ज्ञात मानव इतिहास में यह संभवतरू पहली बार होने जा रहा है, जब भारत दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाला देश बनेगा। ऐतिहासिक रूप से हकीकत यही रही है कि चीन और भारत में हमेशा सबसे अधिक मानव जनसंख्या बसती रही है। इसकी वजह इन दोनों का मनुष्य के रहने लायक अधिक अनुकूल वातावरण और उपजाऊ जमीन रही हैं। आधुनिक तकनीक के विकास के पहले दुनिया के बाकी हिस्सों में इनसान की जिंदगी अपेक्षाकृत ज्यादा मुश्किल थी। बहरहाल, भारत की आबादी चीन से अधिक इसके पहले कभी हुई, इस बारे में जानकारी नहीं है। इसीलिए 2023 को एक ऐतिहासिक वर्ष के रूप में याद किया जाएगा। लेकिन क्या भारत इसे सचमुच एक ऐतिहासिक उपलब्धि का वर्ष बना पाएगा? आबादी अपने–आप में एक बड़ी संपत्ति है। परंपरागत कहावत है, जिस परिवार में काम करने वाले जितने हाथ होते हैं, वह उतना समृद्ध होता है। लेकिन समृद्धि के लिए यह भी जरूरी है कि वो हाथ मजबूत, स्वस्थ और सक्षम हों। विश्व बैंक ने 1980 में चीन के बारे में अपनी एक बहुचर्चित रिपोर्ट में बताया था कि कैसे उसके पहले के तीन दशकों में चीन ने अपनी पूरी आबादी के लिए प्राथमिक शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का इंतजाम कर लिया। इसलिए जब चीन ने सुधार और खुलेपन की नीति अपनाई, तो उसके पास उसे लागू करने के लिए सक्षम श्रम–शक्ति थी। जड़ों को मजबूत करने के इस मोर्चे पर आरंभ से आज तक भारत का रिकॉर्ड बेहतर नहीं है। कुपोषण–ग्रस्त, अर्ध–शिक्षित और आज के तकाजे को पूरा ना करने वाले डिग्रीधारी नौजवानों के साथ भारत उन संभावनाओं को हासिल नहीं कर सकता है, जिन्हें चीन ने सबसे बड़ी आबादी का देश रहते हुए प्राप्त किया। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि मानव विकास आज भी हमारी प्राथमिकता नहीं है। नतीजतन, 140 करोड़ लोगों के देश में महज दस करोड़ व्यक्तियों का उपभोक्ता बाजार बना कर हम फूले नहीं समा रहे हैं। बहरहाल, सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश बनना एक मौका है, जब ऐसी कमियों की निर्ममता से समीक्षा की जानी चाहिए। वरना, आबादी भारत के लिए संपत्ति साबित होने के बजाय एक कठिन चुनौती में बदल जाएगी।

समाज के सभी वर्गों का पथ प्रदर्शक ग्रंथ है श्रीरामचरित मानस

श्रीरामचरित मानस हम सभी का पथ प्रदर्शक ग्रंथ है। यह एक प्रेरणादाई ग्रंथ है। धार्मिक और आध्यात्मिक रसास्वाद में रचे हुए इस ग्रंथ में महानायक गोस्वामी तुलसीदास जी ने एक संतुलित सामाजिक सांस्कृतिक व्यवस्था देने का प्रयास किया है। सांस्कृतिक अस्मिता के प्रतीक प्रभु श्री राम कोटि कोटि भारतीय जन की आस्था के प्रतीक प्रेरणास्रोत हैं। श्री राम जी के साथ उनका धनुष और बाण सदैव साथ रहता है। धनुष उनके श्रम का प्रतीक है। भगवान श्री राम का यही तीर धनुष नागरिकों को सुरक्षा और संरक्षा प्रदान करता है। इसी से वे युद्ध लड़ते हैं। राक्षसों का महाविनाश करते हैं। भारतीय कृषक संस्कृति के पुरस्कर्ता भगवान श्री राम अपने तीर और धनुष के अस्त्र प्रयोग से तत्कालीन भारतीय समाज को दैहिक, दैविक, भौतिक तापों से मुक्त है। यही महानायक तुलसीदास के राम राज्य की परिकल्पना है। स्वांतः सुखाय तुलसी रघुनाथ गाथा, कहकर गोस्वामी जी अपना मंतव्य प्रकट करते हैं। बाद में गोस्वामी जी का यह ग्रंथ कोटि कोटि भारतीय जन को मार्ग प्रशस्त करता हुआ उनके सुमार्ग का अग्रगामी है। करम प्रधान विश्व रचि राखाध्जो जस करहि सो तस फल चाखा। गोस्वामी तुलसीदास जी के आलोचकों को इन पंक्तियों को भी पढ़ना चाहिए। गोस्वामी जी कर्म आधारित सांस्कृतिक सामाजिक संरचना के प्रस्तोता हैं। उनका मूल मंतव्य एक ऐसी सामाजिक संरचना का पुनर्निर्माण था जोकि भाग्यवादी न हो। दरअसल भारतीय सांस्कृतिक वांग्मय की परंपरा कर्म प्रधान है। वर्णों की परंपरा भी कर्म आधारित सामाजिक संरचना की प्रस्तावक है। गोस्वामी तुलसीदास जी भी नाना पुराण, निगम और आगम से प्रेरित होकर भगवान श्री राम की कथा को अपनी मति के अनुरूप रचनात्मक परिवर्तन करते हुए हम सभी को सुनाते हैं। भारतीय समाज के सभी वर्गों, वर्णों और जातियों को भी श्रीरामचरित मानस का पुनर्पाठ करना चाहिए।

लेखक विनय कांत मिश्र/दैनिक बुद्ध का संदेश

अपराधियों पर राजनीति

यह बात केवल एक आईएएस अधिकारी के हत्यारों पर नहीं, बिल्किस बानो के बलात्कारियों और उनके रिश्तेदारों के हत्यारों पर भी लागू होती है। लेकिन जब पिछले साल अगस्त में गुजरात सरकार ने बिल्किस बानो के दोषियों को रिहा किया, तब एसोसिएशन ने इस तरह की निराशा शायद व्यक्त नहीं की। बल्कि तब तेलंगाना की वरिष्ठ आईएएस अधिकारी स्मिता सभरवाल ने इस फैसले पर हैरानी और दुख जताते...

गंभीर अपराधों को लेकर हमारी दृष्टि कितनी चयनित होती जा रही है, इसका ताजा उदाहरण बिहार में आनंद मोहन सिंह की रिहाई पर सामने आया है। पूर्व सांसद और राजनेता आनंद मोहन सिंह को 1994 में नौकरशाह और गोपालगंज के तत्कालीन कलेक्टर जी. कृष्णैया की हत्या के मामले में दोषी ठहराया गया था। जी. कृष्णैया की कथित रूप से आनंद मोहन सिंह द्वारा उकसाई गई भीड़ ने हत्या कर दी थी। गैंगस्टर से राजनेता बने सिंह को 2007 में बिहार की एक निचली अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी। हालांकि, पटना हाईकोर्ट ने इसे आजीवन कारावास में बदल दिया था, उस आदेश को 2012 में सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा था। लेकिन हाल ही में बिहार सरकार ने जेल नियमों में कुछ संशोधन किए हैं, जिसके बाद मंगलवार को 27 कैदियों की रिहाई की अधिसूचना जारी की गई है और रिहा होने वालों में पूर्व सांसद आनंद मोहन सिंह का नाम भी है। अधिसूचना में कहा गया है कि, '20 अप्रैल को बिहार राज्य दंड छूट परिषद की बैठक के आलोक में 14 साल की वास्तविक सजा या 20 साल की सजा काट चुके कैदियों की रिहाई के लिए निर्णय लिया गया। इससे पहले इस महीने की शुरुआत में बिहार सरकार ने ड्यूटी पर एक लोक सेवक की हत्या के दोषियों के लिए जेल की सजा को कम करने पर रोक लगाने वाले खंड को हटा दिया था। अधिसूचना जारी होने के बाद आनंद मोहन सिंह की रिहाई का रास्ता साफ हो गया, लेकिन इस पर विवाद भी खड़े हो रहे हैं। कई राजनेता नीतीश सरकार के इस फैसले पर सवाल उठा रहे हैं और इसे राजनैतिक मकसद से लिया गया फैसला बता रहे हैं। बसपा सांसद मायावती ने आनंद मोहन सिंह की रिहाई को दलित विरोधी फैसला बताया है, क्योंकि जी.कृष्णैया दलित समुदाय से आते थे। उनका कहना है कि देश भर के दलित समाज में इस फैसले से काफी रोष है। चाहे कुछ मजबूरी हो किन्तु बिहार सरकार इस पर जरूर पुनर्विचार करे। मायावती की राजनीति का आधार दलित वोटबैंक है और इसलिए उन्होंने जी.कृष्णैया के हत्यारे की रिहाई पर आवाज उठाई है, ताकि दलित समुदाय के बीच इसका सही संदेश जाए। लेकिन जदयू ने मायावती के इस विरोध पर पलटवार करते हुए उन्हें भाजपा की बी टीम कहा है। मायावती पर यह आरोप अकारण नहीं लगे हैं, क्योंकि बिल्किस बानो के दोषियों की रिहाई से लेकर कई मौकों पर उन्होंने भाजपा सरकार के कई विवादित फैसलों पर चुप्पी साध रखी है। हत्या जैसे जघन्य अपराध पर अपनी सुविधा के अनुसार विरोध नहीं किया जा सकता है। भाजपा की ओर से अमित मालवीय ने ट्वीट किया कि राजद की कुटिल चालों के सामने घुटने टेकने के लिए नीतीश कुमार को शर्म आनी चाहिए। इस से समझा जा सकता है कि नीतीश कुमार के इस फैसले को अमित मालवीय राजद के दबाव में लिया फैसला बता रहे हैं, जो अब बिहार सरकार में नीतीश कुमार का गठबंधन सहयोगी है। लेकिन नीतीश कुमार अगर भाजपा के साथ सरकार में रहते हुए यही फैसला लेते तो क्या अमित मालवीय तब भी उन्हें शर्मिंदा होने कहते। और क्या श्री मालवीय भाजपा के सांसद और केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के लिए भी यही कहेंगे, क्योंकि आनंद मोहन की रिहाई पर राज्य सरकार के कदम का समर्थन करते हुए उन्होंने कहा है कि 'गरीब आनंद मोहन' मामले में 'बलि का बकरा' बन गया और 'लंबे समय तक जेल में रहा।' गिरिराज सिंह को आनंद मोहन बलि का बकरा नजर आ गया, लेकिन देश की जेलों में न जाने कितने निर्दोष लोग कैद हैं, कितने ही विचाराधीन कैदी अपराध से अधिक की सजा काट लेते हैं और बाद में पता चलता है कि उन पर तो इल्जाम ही साबित नहीं हुआ। व्यवस्था की कमियों के शिकार ये लोग असल में बलि के बकरे कहे जा सकते हैं, क्या इनके लिए गिरिराज सिंह ने कोई चिंता कभी व्यक्तकी है? आनंद मोहन की रिहाई पर आईएएस एसोसिएशन ने भी चिंता व्यक्त की है। सेंट्रल आईएएस एसोसिएशन ने कहा कि कैदियों के वर्गीकरण नियमों में बदलाव करके गोपालगंज के पूर्व जिलाधिकारी स्वर्गीय जी. कृष्णैया की नृशंस हत्या के दोषियों को रिहा करने के बिहार सरकार के फैसले पर एसोसिएशन गहरी निराशा व्यक्त करता है। देश के नौकरशाहों के शीर्ष निकाय का मानना है कि बिहार में नियमों में बदलाव गैंगस्टर से नेता बने आनंद मोहन सिंह की रिहाई की सुविधा प्रदान करेगा, जो एक दलित आईएएस अधिकारी की हत्या के लिए आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। इस तरह के कदम से लोक सेवकों (आईएएस अफसरों) का मनोबल टूटता है, सार्वजनिक व्यवस्था कमजोर होती है और न्याय प्रशासन का मजाक बनता है। आईएएस अधिकारियों के मनोबल और न्याय व्यवस्था को लेकर एसोसिएशन की चिंता बिल्कुल वाजिब होते हुए भी सुविधाजनक विरोध का उदाहरण है। हत्या के दोषियों की रिहाई से समाज में सही संदेश नहीं जाएगा, इन दोषियों पर कार्रवाई करने वालों की हिम्मत पस्त होगी और पीड़ितों को नाइंसाफी का अहसास होगा। यह बात केवल एक आईएएस अधिकारी के हत्यारों पर नहीं, बिल्किस बानो के बलात्कारियों और उनके रिश्तेदारों के हत्यारों पर भी लागू होती है। लेकिन जब पिछले साल अगस्त में गुजरात सरकार ने बिल्किस बानो के दोषियों को रिहा किया, तब एसोसिएशन ने इस तरह की निराशा शायद व्यक्त नहीं की। बल्कि तब तेलंगाना की वरिष्ठ आईएएस अधिकारी स्मिता सभरवाल ने इस फैसले पर हैरानी और दुख जताते हुए ट्वीट किया था, तो आईएएस अधिकारियों में इस पर विमर्श छिड़ गया था कि लोकसेवकों को सोशल मीडिया पर इस तरह के फैसलों पर टिप्पणी करना चाहिए या नहीं।

नीतीश का एजेंडा और विपक्षी एकजुटता

उन्होंने अपना एजेंडा स्थापित कर दिया है और उस एजेंडे पर विपक्षी पार्टियों को काफी हद तक नजदीक ला दिया है। इसके बाद अब सवाल है कि क्या नीतीश कुमार नए दौर के जयप्रकाश नारायण होंगे ? किसी भी नेता का जयप्रकाश नारायण होना बहुत मुश्किल है। देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जेपी को अपना उत्तराधिकार बनाना चाहते थे। अगर जेपी मान जाते तो वे ...

अजीत द्विवेदीवैसे तो ये दोनों– नीतीश कुमार का एजेंडा और विपक्षी एकजुटता का प्रयास– अलग अलग चीजें हैं लेकिन नीतीश ने बहुत होशियारी से इन दोनों को मिला दिया है। वे विपक्षी एकता बनवाने का प्रयास कर रहे हैं और वह भी अपने एजेंडे पर। बिहार के मुख्यमंत्री के राष्ट्रीय स्तर पर राजनीति शुरू करने से पहले विपक्ष का एजेंडा अलग था। पिछले दो साल में संसद में जिन मसलों पर सरकार का विरोध हुआ है या संसद के बाहर सरकार के खिलाफ जिन मुद्दों पर प्रदर्शन हुए हैं उनको बारीकी से देखें तो इसका फर्क पता चलेगा है। इससे पहले किसान का मुद्दा सबसे बड़ा मुद्दा था। महंगाई, भ्रष्टाचार और चीन के अतिक्रमण के मुद्दे पर विपक्ष का प्रदर्शन होता था। केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग और सरकारी संपत्ति बेचने के मुद्दे पर सरकार का विरोध किया जाता था। राज्यों के अधिकारों का अतिक्रमण भी एक मुद्दा था तो मुफ्त की रेवड़ी का भी मुद्दा था। अगर इन सबको ध्यान से देखें तो कोई भी मुद्दा विपक्ष की ओर से तय किया हुआ नहीं था। सारे मुद्दे घटनाओं पर आधारित थे।

नीतीश कुमार ने इस स्थिति को बदला है। वे अपना एक एजेंडा लेकर आए हैं वह एजेंडा मंडल यानी जाति की राजनीति करने का है। उनको पता है कि राष्ट्रवाद, हिंदुत्व और मजबूत नेतृत्व के मसले पर विपक्ष भाजपा से नहीं लड़ पाएगा। भ्रष्टाचार का मुद्दा भी अंततरू भाजपा को फायदा पहुंचाएगा क्योंकि देश की लगभग तमाम विपक्षी पार्टियां किसी न किसी तरह के भ्रष्टाचार के मामले में फंसी हैं। इसलिए नीतीश ने भाजपा की कमजोर नस पकड़ी और जाति की राजनीति का मुद्दा लेकर आए। कहने की जरूरत नहीं है कि वे जो मुद्दा लेकर आए हैं उस पर राजनीति करने वाले वे सबसे अधिकृत व्यक्ति हैं। नब्बे के दशक में तत्कालीन प्रधानमंत्री वीपी सिंह द्वारा मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू करने के बाद देश के जिन नेताओं ने इस पर राजनीति की और आगे बढ़े उनमें से अब सिर्फ नीतीश बचे हैं, जो सक्रिय राजनीति कर रहे हैं या किसी राज्य की कमान संभाल रहे हैं। उनके अलावा मंडल की राजनीति करने वाले तमाम नेताओं का या निधन हो गया है या अस्वस्थ हैं या राजनीतिक बियाबान में हैं। अब न मुलायम सिंह यादव हैं, न शरद यादव और न देवीलाल हैं, न करुणानिधि। वीपी सिंह से लेकर बीजू पटनायक और एनटी रामाराव से लेकर रामविलास पासवान तक सबका निधन हो गया है। लालू प्रसाद, एचडी देवगौड़ा आदि अब देश स्तर की सक्रिय राजनीति करने की स्थिति में नहीं हैं।

सो, ले–देकर नीतीश कुमार बचते हैं, जिनको अपनी इस अनोखी स्थिति का अंदाजा है। उनको पता है कि वे अगर कोर राजनीति की डोर पकड़े रहते हैं तो विपक्ष की नाव पार लगा सकते हैं। अब सवाल है कि उन्होंने यह राजनीति करने में इतनी देर क्यों की और 2013 में जब वे एक बार भाजपा का साथ छोड़ चुके थे तो दोबारा उसके साथ क्यों लौटे थे? ध्यान रहे 2015 में बिहार विधानसभा चुनाव के समय नीतीश कुमार और लालू प्रसाद ने आरक्षण के मुद्दे पर चुनाव लड़ा था और भाजपा को आरक्षण विरोधी ठहराया था। फिर भी दो साल के बाद नीतीश उसी भाजपा के साथ लौटे थे। सवाल है कि क्या तब उनको यह उम्मीद थी कि भाजपा सामाजिक न्याय की राजनीति करेगी या उनको लगा था कि राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के खिलाफ लडने का समय अभी नहीं आया है? संभव है कि दोनों बातें कुछ कुछ मात्रा में सही हों। उनको भाजपा से और खास कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उम्मीद हो कि वे सामाजिक न्याय के उसी फॉर्मूले को मानेंगे, जिसे खुद नीतीश मानते हैं और यह भी लगता हो कि अभी मोदी विरोध का समय नहीं आया है। उनकी उम्मीद टूटी है 2022 में उत्तर प्रदेश में भाजपा की लगातार दूसरी जीत से।

उस वर्ष एक के बाद एक ऐसी घटनाएं हुईं, जिनसे नीतीश का भाजपा से मोहभंग हुआ। 2020 के विधानसभा चुनाव का घाव नीतीश के मन में था लेकिन 2022 के घटनाक्रम ने उनके परेशान किया। मंडल की राजनीति का केंद्र रहे उत्तर प्रदेश में एक सवर्ण नेता की कमान में लगातार दूसरी बार भाजपा की जीत ने नीतीश को हिला कर रख दिया। इस राजनीतिक घटनाक्रम के अलावा केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों, सरकारी संस्थाओं में बहाली के तरीके, सेना में बहाली की अग्निवीर योजना आदि की वजह से भी लगा कि जिस मंडल राजनीति को वे बिहार में मजबूत करने में लगे हैं उसकी पूरे देश में जड़ कमजोर हो रही है। इसके बाद ही उन्होंने भाजपा से नाता तोड़ा और राजद के साथ मिल कर सरकार बनाई, जिससे वे देश भर के गैर भाजपा नेताओं के बीच स्वीकार्य हुए। जिस समय भाजपा मध्य प्रदेश से लेकर महाराष्ट्र और कर्नाटक में कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियों की साझा सरकारों को गिरा कर अपनी सरकार बना रही थी उस समय नीतीश ने बिहार में भाजपा की सरकार गिरा दी और उसके बाद पहला काम किया कि जातीय जनगणना को मंजूरी दी। राज्य सरकार ने अपने खर्च से बिहार में जातियों की गिनती कराने का फैसला किया। इस मुद्दे को लेकर भाजपा बैकफुट पर आई। वह न तो जातीय जनगणना करा सकती है और न खुल कर इसका विरोध कर सकती है। उसकी इस दुविधा को समझते हुए नीतीश ने इसे भाजपा विरोध का केंद्रीय एजेंडा बनवा दिया। कांग्रेस से लेकर आम आदमी पार्टी और समाजवादी पार्टी से लेकर तृणमूल कांग्रेस, डीएमके, एनसीपी, शिव सेना उद्धव ठाकरे गुट, वामपंथी पार्टियां सब इस पर एकमत हैं। यह विपक्ष को बांधने वाली मजबूत डोर है।

एक बार जब यह मुद्दा स्थापित हो गया और सभी भाजपा विरोधी पार्टियां सैद्धांतिक रूप से इस पर एकमत हो गईं तब नीतीश कुमार ने राजनीतिक एकजुटता प्रयास शुरू किया। उन्होंने सबसे पहले कांग्रेस से बात की क्योंकि उनको पता था कि कांग्रेस पहले कभी भी जाति की राजनीति में नहीं उतरी है और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने का उसका अपना तरीका है, जो काफी हद तक भाजपा से मिलता जुलता है। इसलिए मल्लिकार्जुन खडगे की मौजूदगी में नीतीश ने राहुल गांधी को अपने एजेंडे के बारे में बताया और कांग्रेस का फायदा समझाया। कांग्रेस के राजी होने के बाद नीतीश को ज्यादा मेहनत करने की जरूरत नहीं पड़ी है। अब तक वे जितनी पार्टियों के नेताओं से मिले हैं, सबने उनके प्रयास को सराहा है और उसमें भागीदार बनने की सहमति दी है।

इसके बावजूद राजनीति में कुछ भी निश्चित नहीं होता है और न कुछ नामुमिकन होता है। इसलिए जब तक विपक्षी गठबंधन बन नहीं जाता है तब तक कुछ नहीं कहा जा सकता है। लेकिन अभी जो तस्वीर दिख रही है वह ये है कि नीतीश कुमार अपने प्रयास में काफी हद तक कामयाब हो गए हैं।

शानदार लय में दिख रहे अजिंक्य रहाणे, जानें उनकी अब तक की बेस्ट आईपीएल पारियों के बारे में

भारतीय क्रिकेटर अजिंक्य रहाणे के लिए वर्तमान समय शानदार चल रहा है। आईपीएल में उनका बल्ला खूब बोल भी रहा है। चेन्नई सुपर किंग्स ने उन्हें महज 50 लाख रुपये में खरीदा था। लेकिन वह टीम के लिए लगातार रन बना रहे हैं। अजिंक्य रहाणे ने 6 मैचों में 189 की आश्चर्यजनक स्ट्राइक रेट और 44.80 की औसत से 224 रन बनाए हैं। इस प्रदर्शन का उन्हें भायदा भी मिला। श्रेयस अय्यर के चोटिल होने के बाद रहाणे की भी विश्व टेस्ट चौम्पियनशिप फाइनल के लिए भारतीय टेस्ट टीम में वापसी हुई है। खराब फॉर्म की वजह से उन्हें टीम इंडिया से बाहर होना पड़ा था। रहाणे कुछ समय के लिए राजस्थान का अभिन्न अंग

थे। चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में सानदार मुकाबला खेला गया। कभी रहाणे राजस्थान की टीम में हुआ करते थे। सवाई मानसिंह स्टेडियम में उन्होंने कई यादगार पारियां भी खेली हैं। हालांकि, गुरुवार को वह अच्छी पारी नहीं खेल सके। रहाणे ने 13 गेंदों में 15 रन बनाए। इस मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स की हार भी हुई है। हालांकि, सवाई मानसिंह स्टेडियम में रहाणे की सानदार पारियों की बात करें तो उसने 2013 में दिल्ली डेयरडेविल्स के खिलाफ अपनी क्लास दिखाई। राहुल द्रविड़ और अजिंक्य रहाणे ने तेज शुरुआत की और द्रविड़ के 53 रन पर आउट होने के बाद भी रहाणे ने अपनी मस्त जारी रखी और 45 गेंद में 63 रन बनाकर आउट हो गए। 2012 में हुए इस मैच में किंग्स इलेवन पंजाब ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला किया था। रहाणे ने पहले विकेट के लिए राहुल द्रविड़ के साथ 77 रन जोड़े और पारी के दौरान अपने आक्रमण को कभी नहीं रोका। उनकी पारी 66 गेंदों में 98 रन पर समाप्त हुई और राजस्थान को 191 पर पहुंचा दिया। अजिंक्य रहाणे के 2019 में शतक जड़ने से दिल्ली को बड़ा झटका लगा था। ये ऐसे दिन थे जब वह अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर नहीं थे, लेकिन वह इस विशेष मैच में अपनी सीमा को हिट करने में सफल रहे। दिल्ली ने टॉस जीता। राजस्थान को पहले बैटिंग करनी पड़ी। रहाणे ने बल्लेबाजी की शुरुआत करते हुए अपनी सीमा पाई। रहाणे ने तीन छक्कों और 11 चौकों की मदद से सुपर सेंचुरी बनाई। उन्हें स्टीव स्मिथ का समर्थन मिला और राजस्थान 191 बनाने में सफल हुआ।

Srivslre के मुकाबले में मेजबान टीम ने बनाया खास रिकॉर्ड, भारत–पाकिस्तान के बाद उपबल्धि हासिल करने वाली तीसरी टीम बनीं

क्रिकेट के मुकाबलों में अगर किसी टीम के ओपनिंग और टॉप ऑर्डर खिलाड़ियों ने दमदार शुरुआत कर दी तो टीम को काफी मजबूती मिलती है।

क्रिकेट टीम के टॉप ऑर्डर की धमाकेदार पर्फॉर्मेंस के जरिए मैच में जीत हासिल करना काफी आसान हो जाता है। बल्लेबाजों के मजबूत खेल के जरिए मैच टीम के कब्जे में रहता है। ऐसे काफी कम मुकाबले होते हैं जिनमें टीम का पूरा टॉप ऑर्डर ही धमाकेदार प्रदर्शन करता दिखता है। ऐसे मुकाबले विरले ही देखने को मिलते हैं बल्कि ये मुकाबले क्रिकेट के इतिहास में काफी खास भी हो जाते है। ऐसा ही एक मुकाबला हाल ही में देखने को मिला है जिसमें पूरी टीम के टॉप ऑर्डर ने धमाकेदार प्रदर्शन कर बल्लेबाजी को खास पहचान दिलाई है।

आयरलैंड के खिलाफ श्रीलंका का कमालः बता दें कि इस बार श्रीलंका की टीम ने आयरलैंड के खिलाफ अपने ही घर में खेलते हुए धमाकेदार प्रदर्शन किया है। श्रीलंका के गॉल में खेले गए इस मुकाबले में श्रीलंका के टॉप–4 खिलाड़ियों निशान मधुशका (205 रन), कप्तान दिमुथ करुणारत्ने (115 रन), कुसल मेंडिस (245 रन) और एंजेलो मैथ्यू (नाबाद 100 रन) ने धमाकेदार शतकीय पारियां खेली है। क्रिकेट के इतिहास में ये कारनामा सिर्फ तीसरी बार हो रहा है, जिसे एक बार और एशियाई टीम ने हासिल किया है।

भारत कर चुका है उपलब्धि हासिल

बता दें कि ये उपलब्धि सबसे पहले भारतीय टीम ने हासिल की थी। भारतीय क्रिकेट टीम दुनिया की पहली ऐसी टीम बनी थी जिसके टॉप चार खिलाड़ियों ने टेस्ट मुकाबले में धमाकेदार शतक जड़े थे। सचिन तेंदुलकर (नाबाद 122 रन), राहुल द्रविड़ (129), वसीम जाफर (नाबाद 138 रन) और दिनेश कार्तिक (129) ने 2007 में बांग्लादेश के खिलाफ ढाका टेस्ट में शतकीय पारियां खेलकर इतिहास रचा था।

इसके बाद पाकिस्तान की टीम ने भारत के रिकॉर्ड बनाने के 12 वर्षों बाद ये मुकाम हासिल किया था। पाकिस्तान की टीम ने 2019 में ये रिकॉर्ड बनाया था। पाकिस्तान की टीम ने श्रीलंका के खिलाफ खेले गए टेस्ट मुकाबले में ये उपलब्धि हासिल की थी। कराची में खेले गए इस मुकाबले में पाकिस्तान के टॉप ऑर्डर के खिलाड़ी शान मसूद (135), आबिद अली (174), अजहर अली (118) और बाबर आजम (नाबाद 100 रन) ने शतक जड़े थे।

सनराइजर्स हैदराबाद पर लगातार दूसरी जीत के लिए दिल्ली कैपिटल्स को बल्लेबाजी में करना होगा सुधार

नयी दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार पांच हार के बाद पिछले दो मैचों में जीत दर्ज करने वाली दिल्ली कैपिटल्स की टीम शनिवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी उम्मीदें बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की होगी। पिछले दोनों मैचों दिल्ली को जीत दिलाने में गेंदबाजों की भूमिका अहम रही। टीम का पिछला मुकाबला भी सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ ही थी। हैदराबाद में खेले गये कम स्कोर वाले इस मैच को दिल्ली ने सात रन से जीता था। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान डेविड वार्नर ने अपनी पूर्व टीम के खिलाफ गेंदबाजों का शानदार इस्तेमाल किया था। अक्षर पटेल और कुलदीप यादव की स्पिन गेंदबाजों की जोड़ी ने हैदराबाद के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाया और फिर आखिरी ओवर में मुकेश कुमार ने शानदार तरीके से 12 रन का बचाव किया।

इस मुकाबले में इशांत शर्मा और एनरिच नोर्किया ने भी प्रभावित किया। टीम के लिए परेशानी का सबसे उसकी बल्लेबाजी है। पिछले मुकाबले में टीम ने 62 रन पर पांच विकेट गंवा दिया था। मनीष पांडे और अक्षर पटेल की संयमित बल्लेबाजी से दिल्ली ने 20 ओवर में 128 रन बनाये थे। वार्नर ने ज्यादातर मैचों में टीम की बल्लेबाजी का बोझ उठाया है लेकिन दूसरे छोर से अच्छा साथ नहीं मिलने के कारण वह खुल कर नहीं खेल पा रहे हैं। इस सत्र में पावरप्ले में उन्होंने सबसे ज्यादा डॉट गेंदें खेली हैं। खराब लय में चल रहे पृथ्वी साव की जगह टीम ने पिछले मैच में फिल साल्ट से पारी का आगाज कराया लेकिन वह खाता खोलने में नाकाम रहे। मिशेल मार्श अपनी छोटी पारी के दौरान अच्छे दिखे, लेकिन पांच पारियों में 31 रन उनकी कुछ और कहानी बयां करती हैं।

सरफराज खान और अमन हकीम खान ने भी संघर्ष किया है और ज्यादातर मैचों में अगर अक्षर बल्ले से योगदान नहीं देते तो इस को बड़ा स्कोर खड़ा करने से आईपीएल में दिल्ली के लिए चीजें शर्मनाक हो सकती थीं। इस स्पिन ऑलराउंडर के कौशल का पूरी तरह से उपयोग करने के लिए उसे बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजने की जरूरत है। वहीं दूसरी तरफ सनराइजर्स की टीम पिछले मुकाबले के ज्यादातर समय तब मैच को जीतने की स्थिति में थी। टीम को हालांकि धीमी शुरुआत का खामियाजा भुगतना पड़ा। आईपीएल में अपने पहले शतक के बाद हैरी ब्रूक पावरप्ले में रन बनाने में संघर्ष करते दिखे है। मयंक अग्रवाल, राहुल त्रिपाठी और अभिषेक शर्मा जैसे बल्लेबाजों के प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रही है। टीम के गेंदबाजों ने हालांकि प्रभावशाली प्रदर्शन किये है। भुवनेश्वर कुमार ने पिछले मुकाबले में चार ओवर में महज 11 रन खर्च कर दो विकेट चटकाये तो वहीं वाशिंगटन सुंदर ने मैच के आठवें ओवर में तीन विकेट चटकाकर दिल्ली रोक दिया था। टीमेंः दिल्ली कैपिटल्सः डेविड वार्नर (कप्तान), पृथ्वी साव, सरफराज खान, अमन हकीम खान, अभिषेक पा`र`ल (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, खलील अहमद, कुलदीप यादव, रोवमैन पॉवेल, रिले रोसौव, एनरिक नोर्किया, मुस्तफिजुर रहमान, चेतन सकारिया, मुकेश कुमार, फिल सॉल्ट, लुंगी एनगिडी, प्रवीण दुबे, ललित यादव, रिपल पटेल, विक्की ओस्तवाल, ईशांत शर्मा, मनीष पांडे, कमलेश नागरकोटी और यश धुल। सनराइजर्स हैदराबादरू एडेन मार्कराम (कप्तान), अब्दुल समद, राहुल त्रिपाठी, ग्लेन फिलिप्स, अभिषेक शर्मा, मार्को यानसन, वाशिंगटन सुंदर, फजलहक फारूकी, कार्तिक त्यागी, भुवनेश्वर कुमार, टी नटराजन, उमरान मलिक, हैरी ब्रूक, मयंक अग्रवाल, हेनरिक क्लासेन, आदिल राशिद, मयंक मारकंडे, विवरांत शर्मा, समर्थ व्यास, संवीर सिंह, उपेंद्र यादव, मयंक डागर, नीतीश कुमार रेड्डी, अकील होसीन और अनमोलप्रीत सिंह। मैच शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

शंघाई सहयोग संगठन के सदस्यों को देशों की संप्रभुता का सम्मान करना चाहिएः गडकरी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के देशों के साथ संपर्क भारत की प्राथमिकता है। उन्होंने प्रत्येक देश की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को कायम रखने के लिए मांग–आधारित, सतत विकास सुनिश्चित करने पर जोर दिया। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री गडकरी ने एससीओ के परिवहन मंत्रियों की 10वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि

भारत इस क्षेत्र में अर्थव्यवस्था और जनसंपर्क को बढ़ावा देने के लिए एससीओ पर विशेष ध्यान देता है। उन्होंने कहा, ''भारत, एससीओ सदस्यों की एक–दूसरे से संपर्क अपने आप में ही एक आर्थिक गुणक है... एससीओ देशों के साथ संपर्क हमारी प्राथमिकता है। हमें हर देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए सहयोग, मांग आधारित विकास और सम्मान सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत परिवहन क्षेत्र को अधिक कुशल और विश्वसनीय बनाने के लिए समाधानों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। गडकरी ने कहा, ''एससीओ का उद्देश्य क्षेत्र में सुरक्षा को मजबूत करना और राजनीतिक व्यापार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में सहयोग बढ़ाना है।'' उन्होंने कहा, हम सभी को आश्वस्त करते हैं कि भारत इस क्षेत्र में जुड़ाव में सुधार के लिए सहयोग करने के लिए तैयार है। गडकरी ने ट्वीट में कहा, सभी सदस्य देश डिजिटल परिवर्तन और नवीन प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने, परिवहन को कार्बन मुक्त करने और दक्षता तथा स्थिरता बढ़ाने के लिए एससीओ सदस्य राष्ट्रों के साथ मिलकर काम करने के विचार से सहमत हैं।

डीएम की अध्यक्षता में रेडक्रॉस समिति की बैठक हुई संपन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

गौतमबुद्धनगर। रेडक्रॉस समिति के निर्वाचन प्रक्रिया को पूर्ण करने के संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश समाज सेवा की भावना रखने वाले व्यक्तियों को रेडक्रॉस समिति का बनाया जाए सदस्य रेडक्रॉस समिति में सदस्यों की संख्या को बढ़ाने के लिए अधिकारीगण करें विशेष प्रयासरू डीएम समाज सेवा को बढ़ावा देने एवं आपदाओं, आपातकाल के समय राहत प्रदान करने, कमजोर वर्ग एवं समुदायों के लोगों की स्वास्थ्य सुविधा और देखभाल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में रेड क्रॉस समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारियों एवं चिकित्सा अधिकारियों को रेडक्रॉस समिति के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई। जिलाधिकारी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए स्वास्थ विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनके द्वारा अपनी कार्य योजना तैयार करते हुए रेडक्रॉस समिति के लिए निर्वाचन प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए समिति में पदाधिकारियों का चयन करें एवं रेडक्रॉस समिति में अधिक से अधिक संख्या में समाज सेवा की भावना रखने वाले व्यक्तियों को सदस्य बनाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील शर्मा को यह भी निर्देश दिए कि उनके द्वारा अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ भी समन्वय स्थापित करते हुए रेड क्रॉस समिति के विस्तार में उनका सहयोग लिया जाए, ताकि रेडक्रॉस समिति में अधिक से अधिक संख्या में सदस्यों को जोड़ा जा सके। जिलाधिकारी ने आगामी 8 मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस के आयोजन को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनके द्वारा विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर किए जाने वाली गतिविधियों को लेकर पहले से ही अपनी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं, ताकि विश्व रेडक्रॉस दिवस को सकुशल संपन्न कराया जा सके। इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील शर्मा तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी गण एवं रेडक्रॉस समिति के पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

कविता.



मां बाप की जान होती हैं बेटियां।
परिवार की शान होती हैं बेटियां।।
बदलते परिवेश की परिभाषा हैं बेटियां,
जो समझी जा सके वह भाषा हैं बेटियां।
कौन कहता है बेटियां पराई होती हैं,
वह तो हर जख्म की दवाई होती हैं।
हर एक समस्या का समाधान होती हैं बेटियां।।
मां बाप की जान.....
मां को समझती, पिता को समझती
समझती पूरे परिवार को।
जिम्मेदारियों के बाद भी,
समझती हमारे संस्कार को।
मां–बाप की परिस्थितियों से भी,
नहीं होती अनजान बेटियां।।
मां बाप की जान.....
जब भी कोई संकट आता,
कदम नहीं उनका डगमगाता।
कितनी भी हो समस्या भारी,
बेटियां लड़ जाती हमारी।
हर एक परिस्थिति में भी,
होती है गतिमान बेटियां।।
मां बाप की जान.....
बेटी लक्ष्मी, बेटी दुर्गा
और बेटी काली का रूप,
इनकी कभी अवहेलना न कीजिए,
पूजिए इनको जो भी हो स्वरूप।
भूत, भविष्य और वर्तमान हैं बेटियां।
मां बाप की जान.....
जब भी मां बीमार हो जाती,
बेटी मां की भी मां बन जाती।
सेवा करती दिलो जान से,
बैठती नहीं फिर आराम से।
रखती पूरा ध्यान है बेटियां।।
मां बाप की जान.....
दैनिक बुद्ध का संदेश.....

नाले में मिला युवक का शव, पहचान नहीं

देवरिया। गोरखपुर रोड स्थित केनरा बैंक के पास नाले में एक युवक का शव मिला। आसपास के लोगों ने इसकी जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने शव की पहचान के लिए प्रयास किया, लेकिन उसके पास से ऐसा कोई कागजात नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान हो सके। दोपहर में सड़क किनारे बड़े नाले में करीब 30 वर्षीय युवक का शव लोगों ने पड़ा देखा। शव मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। मृतक काले रंग की पैंट और शर्ट पहन रखी थी। शव देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा था कि वह कई दिन पुराना है। उसकी जेब से एक–एक के दस रुपये के सिक्के मिले हैं। कोतवाल राहुल सिंह ने बताया कि शव की पहचान नहीं हो पाई है। मोर्चरी में शव रखवा दिया गया है। 72 घंटे बाद नियमानुसार पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी।

दहेज के लिए विवाहिता को मारपीट कर घर से निकालने का आरोप

कंचनपुर। विवाहिता ने ससुरालियों पर दहेज में दो लाख रुपये और चारपहिया वाहन की मांग को लेकर मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने तरकुलवा थाने में तहरीर देकर ससुरालियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। तरकुलवा थाना क्षेत्र के मठिया रत्ती गांव के रहने वाले रमेश गुप्ता की बेटी गुंजन गुप्ता की शादी 20 मई 2019 को क्षेत्र के भैंसा डाबर गांव निवासी नीरज गुप्ता पुत्र विनोद गुप्ता से हिंदू रीति–रिवाज से संपन्न हुई थी। गुंजन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि शादी के बाद से उनके पति, सास, ससुर आदि ससुरालियों द्वारा मायके वालों से दो लाख रुपये नकद और एक चार पहिया वाहन की मांग की जाती है। माता–पिता दहेज में इतनी रकम और गाड़ी देने में असमर्थ हैं, जिसके चलते ससुरालियों ने गोलबंद होकर उन्हें जान से मार डालने की नीयत से पहले लाठी–डंडे, लात–मुक्का से मारा–पीटा। इसके बाद उन लोगों ने उन्हें पकड़ कर ईंट की दीवार में लड़ाकर गंभीर रूप से घायल कर दिया और घर से निकाल दिया है। वह किसी तरह से जान बचाकर मायके में शरण ली है। इस संबंध में एचएसओ दिलीप सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। घटना कि जांच करके आरोपियों के खिलाफ न्याय संगत धाराओं में केस दर्ज किया जाएगा।

मांगों के समर्थन में दिया धरना

देवरिया । ब्लाक मुख्यालय पर अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न समस्याओं के निस्तारण की मांग को लेकर धरना दिया। मौके पर पहुंचे एडीओ पंचायत रविंद्र कुमार को सात सूत्री मांगों का ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि कुरमौली, भड़सर, जानकी कुटिया, अहिरौली बघेल दक्षिण पट्टी व पड़री ग्राम पंचायत के दलित व अल्पसंख्यक बस्ती के लोगों के जलनिकासी इंतजाम के लिए साइफन व नाला बनाने, भैसहीं, कुरमौली, अहिरौली बघेल, बलिवन खास, पड़री, कड़सरवा बुजुर्ग, भवानी छापर सहित ब्लाक के सभी गांवों के लाभार्थियों के बंद पड़े पेंशन को तत्काल चालू कराया जाए। इसी तरह ब्लाक के सभी गांव में शौचालय से वंचित लोगों का शौचालय निर्माण कराने व आवास से वंचित पात्र व्यक्तियों की जांच कर आवास की गारंटी देने, मनरेगा मजदूरों की बकाया मजदूरी का तत्काल भुगतान करने, गृहस्थी पात्रता सूची से वंचित लोगों का नाम दर्ज कर राशन कार्ड जारी करने, कैंप लगाकर पात्र व्यक्तियों का वृद्धा, विधवा व विकलांग पेंशन जारी करने की मांग की गई है। इस दौरान श्रीराम कुशवाहा, बैजनाथ प्रसाद, केसरी देवी, रामदरस प्रसाद, प्रभावती देवी, ललिता देवी, फूलमतिया देवी, सुखिया देवी, देवराज भगत और शिवनंदन प्रसाद आदि मौजूद रहे।

ट्रेलर की चपेट से पिकअप चालक घायल

फरेंदा। सोनौली की तरफ से गोरखपुर जा रहे पिकअप चालक को झपकी आ जाने के कारण सामने से आ रहे ट्रेलर की चपेट में आ गया। इससे चालक समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल भेजा गया। जहां से पिकअप चालक की हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया। अमेठी जिला निवासी शेरबाबू (27) पिकअप पर मुर्गा भरकर सोनौली की तरफ गया था। लौटते समय बनकटी अस्पताल के समीप झपकी आने के कारण सामने से आ रही ट्रेलर की चपेट में आ गया। पिकअप चालक शेरबाबू व ट्रेलर चालक रविंद्र गिरी निवासी भौआपार बेलीपार गोरखपुर को गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद करीब 20 मिनट तक राजमार्ग जाम रहा। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी ले गए। जहां से शेरबाबू की हालत नाजुक बनी हुई है। सत्येंद्र कुमार राय ने बताया कि वाहन कब्जे में है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

पिता को कमरे में बंद कर प्रेमी के साथ फरार हो गई

महराजगंज। जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से अजीबोगरीब मामला सामने आया है। यहां पर एक बेटी पिता को कमरे में बंदकर प्रेमी के साथ फरार हो गई। इस मामले में पुलिस पीड़ित पिता की तहरीर के आधार पर चार आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच में जुट गई है। गोरखपुर जिले के खजनी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि वह महराजगंज जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में किराये के मकान में रहते हैं। 23 अप्रैल की शाम करीब पांच बजे वह अपने कमरे में थे। इसी बीच बेटी शौच के बहाने कमरे से बाहर निकली। उसके बाद उनके कमरे में बाहर से ताला लगा दी। उसके बाद फरार हो गई। बताया कि मकान मालिक से फोन के जरिए संपर्क कर कुछ देर बाद कमरे का ताला खुलवाया। उसके बाद बेटी की काफी खोजबीन की, लेकिन बेटी का कहीं भी पता नहीं चल सका। इसी बीच कुछ लोगों से जानकारी मिली कि कुछ लोग बाइक से आए थे। उसके बाद उनकी बेटी को लेकर फरार हो गए। सदर कोतवाल रवि कुमार राय ने कहा कि पीड़ित पिता की तहरीर के आधार पर पांच आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

चिकन पॉक्स से महिला की मौत, 10 पीड़ित

महाराजगंज । शहर के घोड़हवा वार्ड में चिकन पॉक्स से पीड़ित महिला की रविवार देर रात मौत हो गई जबकि 10 परिवार इससे पीड़ित हैं। आंगनबाड़ी के सर्वे में बच्चे से लेकर बुजुर्ग इसमें शामिल हैं। यह बीमारी तेजी से फैल रही है। वार्ड की आंगनबाड़ी नीलम पटेल ने बताया कि चिकन पॉक्स की चपेट में आने से वार्ड की आशा देवी (45) की बीते रविवार देर रात अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजनों ने सीएचसी निचलौल में भर्ती कराया। जहां पर कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई। धीरे–धीरे वार्ड के कई घर चपेट में आ गए। वार्ड के सर्वे में लक्ष्मी गुप्ता, श्रवण, राजू मदनवाल, बृजमोहन, शमशाद, दयाशंकर के परिवार में करीब 10 लोग पीड़ित मिले। कुछ लोग इसकी सूचना छिपा लिए हैं। वार्ड के रहने वाले संतोष लाल श्रीवास्तव, मोहम्मद रजा, संदीप कुमार में कहा कि यह बीमारी वार्ड में निरंतर बढ़ती जा रही है। स्वास्थ्य विभाग अनजान बना हुआ है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अंग्रेस सिंह ने कहा कि शहर के वार्डों में आशा कर्मी नहीं होती हैं। इससे चिकन पॉक्स फैलने की जानकारी नहीं थी। अब जानकारी हुई है। जल्दी टीम भेजकर मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित की जाएगी। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी देवेन्द्र मणि त्रिपाठी ने कहा कि नगर में साफ–सफाई की व्यवस्था सुचारु रूप से की जा रही है। टीम लगाकर वार्ड की साफ सफाई कराने के साथ दवाओं का छिड़काव कराया जाएगा।

रोडवेज की साइट हैक होने से 38 लाख की ईटीएम बेकार

देवरिया। परिवहन निगम की साइट हैक होने का असर यह है कि 38 लाख की ई–टिकटिंग मशीन अनुपयोगी हो गई है। मैनुअल टिकट के कारण बसों की रफ्तार धीमी हो गई है। जिन मार्गों पर गंतव्य तक पहुंचने में एक घंटे लगते थे, अब वहां डेढ़ घंटे लग रहे हैं। गोरखपुर की यात्रा में भी समय अधिक लगने लगा है। इस कारण परिचालक और यात्रियों से नोकझोंक की स्थिति हो रही है। करीब एक साल पहले 186 ई–टिकट मशीन 38 लाख रुपये की देवरिया डिपो को मिली थी। इस मशीन में विभिन्न तरह की सुविधाएं भी थीं। इसी दौरान दो दिन पहले परिवहन निगम की साइट हैक हो गई। इसका असर यह रहा कि 176 बसों का संचालन सुचारु रूप से कराने में निगम के अफसरों के पसीने छूट गए। मैनुअल टिकट लेने से परिचालक कन्नी काटते रहे। जब रोडवेज के अधिकारियों ने कार्रवाई की धमकी दी तो परिचालक मैनुअल टिकट लेकर ड्यूटी पर पहुंचे, जबकि करीब आठ बसें खड़ी रहीं। हालत यह है कि मैनुअल टिकट बनाने में तीन से पांच मिनट का समय लग रहा है। इसके चलते गोरखपुर जाने वाली बस को औराचौरी के पास रोक कर परिचालक टिकट बना रहे हैं। सलेमपुर और बरहज जाने वाली बसों का टिकट आईटीआई के पास रोक कर बनाया जा रहा है, जबकि कसया मार्ग को जाने वाली बसों को भीमपुर गौरा के पास रोका जा रहा है। करीब आधे घंटे तक बस रुकने से यात्रियों का गुस्सा फूट रहा है। वह परिचालक से बहस कर रहे हैं। परिचालक अपनी नौकरी बचाने के लिए टिकट बन जाने पर चलने का हवाला दे रहे हैं। इस समस्या से यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

यात्रियों और परिचालकों के लिए मैनुअल टिकट बना परेशानी का सबब

मैनुअल टिकट से परिचालकों और यात्रियों दोनों को दिक्कत हो रही है। परिचालक एक–एक टिकट गिनकर जमा कर रहे हैं। उन्हें कैश जमा करने में ही एक घंटे का समय गुजर जा रहा है। इससे बसें परिसर में खड़ी रह रही हैं और देरी से चल रही हैं। इसके बाद यात्रा में भी समय लग रहा है। रोडवेज के कर्मचारियों की बातों पर गौर किया जाए तो परिचालकों की आदत मैनुअल टिकट बनाने की हो गई है, इसलिए वह मैनुअल टिकट नहीं बनाना चाहते हैं। इसके चलते वह अवकाश पर चले जा रहे हैं।

चार वाहन चोर गिरफ्तार, आठ बाइक बरामद

भाटपाररानी/प्रतापपुर/रामपुर बुजुर्ग। श्रीरामपुर पुलिस ने प्रतापपुर स्थित हदहदवा भवानी मंदिर के पास से दो बाइक पर सवार तीन वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। तलाशी लेने पर एक के पास से एक तमंचा व एक कारतूस बरामद हुआ।

पूछताछ में आरोपियों ने गाड़ी चोरी की बताई। इस मामले में अपने एक और साथी को भी शामिल बताया। पुलिस ने चौथे आरोपी को भी गिरफ्तार करते हुए उसकी निशानदेही पर आठ मोटरसाइकिलें बरामद कीं। एसओ अनिल कुमार को अवैध हथियार के साथ बाइक सवार बदमाशों के बारे में सूचना मिली। पुलिस ने प्रतापपुर स्थित हदहदवा भवानी के मंदिर के पास खड़े दो बाइक पर सवार तीन संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर तलाशी ली। उनमें से एक के पास तमंचा एवं कारतूस बरामद हुआ।

पुलिस ने बाइक सवार श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के बाघा छापर गांव निवासी निकित शाह, आवेश कुमार, सिवान के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धनौती निवासी विजय शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। बरामद मोटरसाइकिल के संबंध में आरोपियों ने बताया कि पिछले साल फरवरी में सिसवनिया में लगे मेले से चोरी की थी। मोटरसाइकिल हीरो गैलेमर के संबंध में अभियुक्त विजय शर्मा ने बताया कि यह मोटरसाइकिल थाना जीबी नगर तरवारा जनपद सिवान (बिहार) से चोरी की गई थी। अभियुक्तों के बयान के आधार पर पुलिस ने चोरी की वारदातों में शामिल श्रीरामपुर क्षेत्र के सिरसिया बाबू गांव निवासी साहिल को भी गिरफ्तार किया है। एसओ अनिल कुमार ने बताया कि अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए बरामद आठ चोरी की मोटरसाइकिलों को कब्जे में लिया गया है। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसओ अनिल कुमार, उनि राधेश्याम चौधरी, मनीष राय, सुभाष सिंह, अरविंद कुशवाहा, मुकेश कुमर, शिवेंद्र चौधरी, नरसिंह यादव, मनीष कुशवाहा, इंद्रजीत वर्मा आदि पुलिसकर्मी शामिल रहे।

रोडवेज बस और ट्रक आमने–सामने भिड़े

दैनिक बुद्ध का संदेश

महराजगंज। नौतनवां कस्बे के अस्पताल चौराहे के पास एक 14 चक्का

ट्रक और रोडवेज बस की भिड़ंत में दोनों वाहनों के चालको के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना है। मिली खबरों के मुताबिक देर रात को गोरखपुर की तरफ से सोनौली के लिए जा रही सोनौली डीपो की रोडवेज बस सोनौली से नौतनवा रेलवे माल गोदाम जा रही एक मालवाहक ट्रक से आपस में कस्बे के भगत सिंह चौराहा के पास मोड़ पर दोनों आमने सामने भिड़ गए परिणाम स्वरूप दोनों वाहनों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए है। जबकि रोडवेज का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। ट्रक जो बिजली का पोल तोड़ते हुए एक दुकान में घुस गई है। एक स्कूटर को भी रौद दिया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को अस्पताल भिजवाई।

हैंडपंप में करंट उतरने से छोटे भाई की मौत, बड़ा भाई घायल

ठूठीबारी। बरगदवा थाना क्षेत्र के डगरूपुर गांव में हैंडपंप में करंट उतरने से छोटे भाई की मौत हो गई। जबकि बड़ा भाई गंभीर रूप से घायल हैं। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निचलौल में भर्ती कराया गया। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, बरगदवां थाना क्षेत्र के डगरूपुर निवासी लक्ष्मी मौर्य के दो पुत्र अर्जुन मौर्य (16) व रामचंद्र मौर्य (13) हैं। .. दोपहर रामचंदर मौर्य किशनपुर गांव स्थित गुरुकुल शिशु ज्ञान मंदिर से पढ़कर घर आया। उसी दौरान बड़े भाई अर्जुन मौर्य खाना खा रहे थे। उसने अपने छोटे भाई रामचंद्र से पानी मांगा। पानी लेने के लिए जब रामचंद्र दरवाजे के सामने स्थित हैंडपंप पर गया तो हैंडपंप में करंट उतर गया गया था। पाइप में चिपक कर गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। पानी लाने में देर होने पर जब बड़े भाई अर्जुन ने जाकर देखा तो रामचंद्र हैंडपंप के फर्श पर गिरा मिला। भाई को फर्श पर गिरा देखकर वह शोर मचाते हुए रामचंदर को पकड़ कर उठाने का प्रयास किया। इससे वह भी करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। अर्जुन का शोर सुनकर पास–पड़ोस के लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने हैंडपंप में लगे मोटर पंप से बिजली के तार को छुड़ाकर दोनों घायल भाइयों को आनन–फानन इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निचलौल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने छोटे भाई रामचंद्र मौर्य को मृत घोषित कर दिया। बड़े भाई का उपचार चल रहा है। मृत किशोर का अंतिम संस्कार कर दिया गया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि परिजनों की ओर से कोई जानकारी नहीं दी गई। इसी वर्ष कक्षा 10 में रामचंद्र ने लिया था दाखिला: किशुनपुर गुरुकुल शिशु ज्ञान मंदिर में इस वर्ष रामचंद्र कक्षा में 10 में गया था। वह डॉक्टर बनना चाहता था। पढ़ने में काफी अच्छा था। स्कूल नियमित जाता था। परिजन बताते हैं कि रामचंद्र से कोई भी काम कहा जाता था तो वह मना नहीं करता था। हैंडपंप में अचानक करंट कैसे उतर गया किसी को कुछ समझ में नहीं आया। बेटे की मौत से आहत लक्ष्मी मौर्य ने बताया कि हमेशा हैंडपंप चलाया जाता था, लेकिन कुछ नहीं होता था। सुबह भी हैंडपंप भी ठीक था। उसमें करंट नहीं उतरा था। यह कहते उनका गला रुंध जा रहा था। आसपास के लोग उनको ढांढस बंधा रहे थे। गांव के मनोज और आजाद कहते हैं कि शांत स्वभाव का रामचंद्र परिवार में दुलारा था। गांव में कभी किसी से शरारत नहीं करता था। इस घटना से सभी को झकझोर कर रख दिया है। गांव में करीब 40 लोगों के घर में हैंडपंप में मोटर लगा है। सभी सहमे हुए हैं कि कहीं करंट न उतर जाए।

बस्ती नगर निकाय चुनाव का प्रचार तेज

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। भारतीय जनता पार्टी की तरफ से बस्ती नगर निकाय चुनाव

का प्रचार तेज हो चुका है। भाजपा प्रत्याशी सीमा खरे ने ताकत झोंक दी है। दरअसल बस्ती में नगर निकाय चुनाव का मतदान 11 मई को होना है। अब मतदान में बहुत कम समय बचा है जिसके चलते अब चुनाव प्रचार में भी तेजी देखने को मिल रही हैं। प्रत्याशी द्वारा पुराना डाकखाना, तुरकहिया, पाण्डेय बाजार और पिकौरा शिव गुलाम वार्ड में सम्पर्क कर जनता से समर्थन माँगा। नगर निकाय चुनाव प्रचार में भाजपा पूरी ताकत झोंक दी है। सुबह से लेकर शाम तक शाम से लेकर रात तक भाजपा कार्यकर्ता चुनाव प्रचार में जुटे हुए है कोई जनसंपर्क कर रहा है तो कोई नुक्कड़ सभा कोई प्रत्याशी वाहन वाहन से प्रचार कर रहा है तो कोई रैली निकालकर प्रचार कर रहा है तरह–तरह के प्रचार किए जा रहे हैं और प्रत्याशी लगातार वोटरों को अपने पक्ष में करने का प्रयास कर रहे हैं। बस्ती सीट पर जहां भाजपा के नेता जनसंपर्क पंपलेट रिक्शा और गाड़ियों पर माइक लगवाकर अपना चुनाव प्रचार कर रहे हैं तो वहीं नगर पालिका क्षेत्र में डिजिटल वैन तैयार कराकर उससे प्रचार तेज कर दिया है। भाजपा प्रत्याशी सीमा खरे ने कहाँ कि बस्ती पालिका को समृद्ध नगर बनाने की मेरी कल्पना है। अब आवागमन भी ज्यादा बढ़ गया है, जिस कारण लोगों को चलने में समस्या का सामना करना पड़ता है, बाजार में जाम की स्थिति बनी रहती है, इसके लिये वह व्यापारियों से बैठकर इस समस्या के समाधान के लिए बात करेंगे, जिससे लोगों को आने–जाने में सुविधा हो सके, साथ ही यहां का व्यापार भी बढ़ सके, क्योंकि जाम की स्थिति के कारण कई व्यापारियों को व्यापार करने में समस्या का सामना करना पड़ता है और ग्राहक भी बाहर पलायन करते हैं, इसको ध्यान में रखते हुये, वह जाम की समस्या से लोगों को निजात दिलाएंगे। वहीं शहर की सीवर की समस्या के निदान के लिये स्थानीय सांसद हरीश द्विवेदी के साथ भाजपा सरकार काम कर रही है, जिसे सीवर की समस्या से निजात दिलाई जा सके साथ ही पूरे शहर में नई सीवर लाइन बिछाई जाएगी जिससे सीवर की समस्या से निजात मिल सके, वही जाम को देखते हुये सांसद द्वारा नगर के चारों ओर रिंग रोड बनवाया जा रहा है, जिससे जाम की समस्या से निजात मिल सके। वहीं उन्होंने कहा कि जनता द्वारा मौका मिलने पर वह जनता के काम आएंगे। नगरपालिका से संबंधित कामों को अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा लटका दिया जाता है, लेकिन उनके अध्यक्ष बनने पर नगरपालिका को व्यवस्थित किया जायेगा। किसी भी व्यक्ति को नगरपालिका के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वह ऐसी कार्य योजना बनाएंगे, जिससे व्यक्ति का काम घर पर भी हो सके। जनता को नगर पालिका में घर जैसा माहौल देखने को मिलेगा, किसी भी नगरवासी को काम के सिलसिले में नगर पालिका में भटकना नहीं पड़ेगा। इस दौरान अखिलेश शुक्ला, दिलीप पाण्डेय राघवेन्द्र सिंह, भूपेंद्र सिंह राना, राजेश अग्रवाल, विनय यादव, अखण्ड पाल, लवकुश चौबे, आदर्श श्रीवास्तव, अभिनव उपाध्याय, सूरज श्रीवास्तव, प्रमोद कन्नौजिया, मनोज श्रीवास्तव, सलमान खान, श्याम बिहारी, विद्यामणि सिंह, मनोज जायसवाल, संजय श्रीवास्तव, नरेन्द्र मणि त्रिपाठी, कौशलेन्द्र पाण्डेय, अरूण भारती सहित कायकर्ता मौजूद रहे।

सपा प्रत्याशी कौशलेन्द्र प्रताप सिंह ने किया जनसंपर्क तेज,कहा वायदा नही हरैया का होगा विकास

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। नगर निकाय चुनाव के नामांकन के बाद प्रत्याशियों ने जनसमर्क

अभियान तेज कर दिया है सभी दलों के नेता अपने मतदाताओं को लुभाने के लिए तमाम प्रकार के वायदे भी कर रहे है तो वही मतदाता भी परखने में लगा है कि कौन प्रत्याशी क्षेत्र का वास्तविक विकास कर सकता है। इसी क्रम में जिले की नगर पंचायत हरैया चुनाव के लिए सभी प्रत्याशियों ने अपनी–अपनी जोर ताकत झोंकना शुरू कर दिया है। नगर पंचायत हरैया से अध्यक्ष पद के सपा प्रत्याशी कौशलेन्द्र प्रताप सिंह ने नगर पंचायत, अनेक गांव में जनसमर्क अभियान चलाया उन्होंने नगर वासियों से अपील किया कि वह नगर के विकास के नाम पर वोट करें। उन्होंने कहा कि अगर हम आपके वोटों के द्वारा नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर विजय होते हैं तो सबसे पहली प्राथमिकता नगर पंचायत हरैया की विकास की गति पर जोर देंगे। नगर पंचायत की सफाई व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। उसको सही कराया जाएगा और व्यापारियों की समस्याओं को प्रमुखता से निदान किया जाएगा, नगर पंचायत हरैया में बिजली, पानी, सड़क, सफाई, शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार कराया जाएगा कौशलेन्द्र प्रताप सिंह हरैया नगर पंचायत के समस्त क्षेत्रवासियों से अपील किया कि नगर पंचायत हरैया का विकास करने वाले प्रत्याशी का चयन करें किसी के बहकावे में ना आये। जनसंपर्क के दौरान अनेक गांव में लोगो से मिलकर आशीर्वाद मांगा।

मेहनत व कठिन परिश्रम से प्राप्त होते है नये आयाम:जिलाधिकारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने शुक्रवार को चन्द्र गुप्त मौर्य इण्टर मीडिएट कालेज मधुपुर में आयोजित हाईस्कूलध्इण्टर मीडिएट बोर्ड परीक्षा 2023 मेधावी छात्र–छात्राओं के सम्मान समारोह कार्यक्रम में सम्मलित हुये, इस दौरान कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने दीप प्रज्जवलन कर व मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण कर किये, इस दौरान जिलाधिकारी ने हाईस्कूलध्इण्टर मीडिएट बोर्ड परीक्षा 2023 में जनपद सोनभद्र के मेधावी छात्र–छात्राओं की सूची में स्थान प्राप्त करने वाले चन्द्र गुप्त मौर्य इण्टर मीडिएट कालेज मधुपुर के हाईस्कूल के छात्र कृष्णा सिंह पुत्र ओम प्रकाश सिंह ने जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया को पुरस्कार देकर सम्मनित किये इससे छात्र–छात्राओं सहित

इसी प्रकार से आयुष कुमार विश्वकर्मा पुत्र आचल कुमार विश्वकर्मा हाईस्कूल में जनपद में चौथा स्थान प्राप्त किया इसी प्रकार से इण्टर मीडिएट पूजा यादव पुत्री मदन लाल जनपद में तृतीय स्थान प्राप्त किया इसी प्रकार अल्का पुत्री राम जी पाचवां स्थान, श्वेता मौर्या पुत्री श्री दिनेश मौर्य सातवा स्थान प्राप्त करने वाले को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। इस दौरान जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने उपस्थित छात्र–छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस विद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा जो जनपद के मेधावी छात्रों की सूची में स्थान प्राप्त किये है विद्यालय के शिक्षकगणों का भी सराहनीय सहयोग रहा है जिनकी मेहनत के कारण से आज स्कूल के छात्र–छात्राओं ने इस विद्यालय का नाम जनपद ही नही प्रदेश स्तर पर भी रोशन किया है उन्होने कहा कि आपके मेहनत के प्रथम श्रेणी होती है अभी आपको आगे चलकर शिक्षा मे मेहनत और परिश्रम कर नये आयाम स्थापित करने है उन्होने कहा कि इण्टर मीडिएट की परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त होने पर अच्छे विद्यालयों में पढ़ने का अवसर प्राप्त होता है और अच्छे विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण करने से ऐसा माहौल प्राप्त होता है जिससे कि आपको आगे बढ़ने में काफी सहायता प्राप्त होती है और आप नौकरी में अच्छे पद और स्थान प्राप्त कर देश की तरक्की में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते है उन्होने कहा कि शिक्षा ग्रहण करने के दौरान किये गये कठिन परिश्रमध्मेहनत के बेहतर परिणाम प्राप्त होते है उन्होने सम्बोधन के दौरान अपने विद्यार्थी जीवन की चर्चा करते हुए कहा कि मैनें व मुख्य विकास अधिकारी ने भी हाईस्कूल व इण्टर मीडिएट की परीक्षा यू0पी0 बोर्ड के माध्यम से ही पास की है उन्होने कहा कि मैने जब हाईस्कूल की परीक्षा दी थी तो एक विषय का प्रतिशत कम आया था जिसके लिए मैने इण्टर मीडिएट की पढ़ाई में और मेहनत की और उस मेहनत का परिणाम यह रहा कि मुझे इण्टर मीडिएट के परीक्षा परिणाम में यू0पी0 बोर्ड की मेरिट सूची में सातवा स्थान प्राप्त हुआ, मेहनत करने से बेहतर से बेहतर परिणाम प्राप्त होते है और छात्र–छात्रा नई ऊचाईयों को प्राप्त करते है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकार सौरभ गंगवार, जिला विद्यालय निरीक्षक आर0पी0 यादव, विद्यालय के प्रबन्धक दयाशंकर सिंह, विद्यालय के प्रधानाचार्य दयाशंकर सिंह कुशवाहा, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित विद्यालय के शिक्षकणगण व छात्र–छात्रायें उपस्थित रहें।

क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक प्रमुख की अध्यक्षता में ब्लॉक परिसर में सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा,सोनभद्र। क्षेत्र पंचायत करमा की बैठक बिकास खण्ड

मुख्यालय पर शुक्रवार दोपहर 12 बजे प्रारंभ की गयी बैठक की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख सीमा देबी ने किया जिसमें पिछले बैठक की कार्रवाई की पुष्टि की गयी पंचम राज्य बित्त आयोग योजना पन्द्रहवा बित्त आयोग योजना मनरेगा योजना पेयजल समस्या स्वच्छ भारत मिशन समस्त प्रकार के आवास आजीवन मिशन योजना शिक्षा स्वास्थ्य महिला एव बाल विकास योजनाओं के बिषय में चर्चा की गयी सदन को बताया गया समस्त प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों से प्रस्ताव मांगा गया शाशन द्वारा जारी जन कल्याण कारी योजनाओं के बिषय में बिचार बिमर्श किया गया खण्ड बिकास अधिकारी रबि कुमार द्वारा योजनाओं की जानकारी दी गयी मुख्य रूप से प्रमुख प्रतिनिधि राम अधार कोल डा मुन्ना प्रसाद, डा, आनंद कुमार, नवनीत श्रीवास्तव, उर्मिला देबी, अनुज त्रिपाठी, बिकास सिंह एडिओ पंचायत ब्रजेश सिंह, ब्रजभूषण यादव, श्रृषि कुमार, सरताज अहमद, राम सजीवन तिवारी उपस्थित रहे आये हुए आगन्तुकों का खंड बिकास अधिकारी ने आभार व्यक्त किया संचालन बिंध्यवासिनी मिश्रा ने किया।

मुख्यमंत्री कलस्टर आवास योजना को अति शीघ्र किया जाये पूर्णः जिलाधिकारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने ब्लॉक घोरावल के अन्तर्गत जुडौली कोलानी गॉव में निर्माणाधीन मुख्यमंत्री कलस्टर

आवास के निर्माण कार्यो का औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 आर0एस0 मौर्य व डी0सी0 मनरेगाध्प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी घोरावल रमेश यादव को निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कलस्टर आवास योजना के अन्तर्गत आवासों के निर्माण कार्यो को अति शीघ्र पूर्ण कराया जाये निर्माण कार्यो में जो भी समस्यायें आ रही हो उसका शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाये इस दौरान उन्होने निर्माणाधीन कलस्टर आवास में आने–जाने हेतु सड़क मार्ग के सम्बन्ध में भी सम्बन्धित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की तो यह तथ्य संज्ञान में आया की आवागमन हेतु सड़क का निर्माण कार्य सम्बन्धित कार्यवाही प्रारम्भ नहीं की गयी है जिस पर जिलाधिकारी ने अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को निर्देशित करते हुए कहा कि कलस्टर आवास तक सड़क के निर्माण कार्य हेतु स्टीमेट तैयार कराकर सड़क निर्माण से सम्बन्धित आवश्यक कार्यवाही प्रारम्भ करना सुनिश्चित करें इस दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार से कहा कि जनपद में निर्माणाधीन मुख्यमंत्री कलस्टर आवास के निर्माण कार्यो के प्रगति के सप्ताहिक समीक्षा की जाये और निर्माण कार्य अति शीघ्र पूर्ण करने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये और कलस्टर आवास में विद्युत आपूर्ति से सम्बन्धित जो भी कार्यवाही हो उसे भी शीघ्र प्रारम्भ कराया जाये।

मतदान सम्पन्न कराने के लिये मतदान कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। नगर निकाय सामान्य निर्वाचन–2023 के मतदान सम्पन्न कराने हेतु मतदान कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण 28 अप्रैल को को राजकीय पालिटेक्निक कालेज, लोढ़ी में सम्पन्न हुआ, जिसमें पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी प्रथम को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में 68 कार्मिकों को प्रतिभाग करना था, जिसमें से 05 कार्मिक रामनरेश सहायक अध्यापक, सुमन यादव प्रधानाध्यापक खण्ड शिक्षा म्योरपुर, परमेश्वर आर्य सहायक अध्यापक खण्ड शिक्षा दुद्धी, पूर्णिमा पाण्डेय प्रधानाध्यापक खण्ड शिक्षा चोपन एवं पूनम गोड़ सहायक अध्यापक राजकीय इण्टर कालेज, शक्तिनगर बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारीध्प्रभारी अधिकारी प्रशिक्षण द्वारा अनुपस्थित कार्मिकों को दिनांक 29.04.2023 को प्रातः 10.00 बजे विकास भवन कक्ष संख्या–08 में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने का अंतिम अवसर प्रदान किया गया है, यदि अनुपस्थित मतदान कार्मिक उपस्थित नहीं होते है, तो उनके विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व की सुसंगत धाराओं में एफ0आई0आर0 दर्ज करा दी जायेगी। राजकीय पालिटेक्निक कालेज, लोढ़ी में प्रोजेक्टर के माध्यम से मतदान से संबंधित समस्त महत्वपूर्ण तथ्यों को प्रशिक्षकों द्वारा मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। बूथ पर प्रातः मतदान अभिकर्ता की नियुक्ति, मतपेटिका को सील करने तथा निर्धारित समय प्रातः 7.00 बजे तक मतदान प्रारंभ कराने के संबंध में निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देश को विस्तार से समझाया गया। मतदाताओं के पहंचान व चिन्हित प्रति में रेखांकितध्सही का टिक करने, मतदान के दौरान आने वाली विभिन्न परिस्थितियों यथा–टेण्डर वोट, चौलेंज वोट के बारे में समझाया गया। यह भी निर्देश दिया गया कि मतदाताओं को मतदान करने हेतु एरोक्रास सील देते समय उसे मतपत्र पर लगाने व मतपत्र को मोड़ने के संबंध में सावधानियों के बारे बताया गया। जिला विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि मतपेटिका में मतपत्र डालने के पश्चात् पुशर से अंदर की ओर दबा दिया जाय, ताकि मतपेटी का अधिकाधिक उपयोग हो सके। मतदान में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न प्रारूपों पर सूचना अंकित करने के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया गया। अरूण कुमार जौहरी, उपायुक्त स्वतः रोजगार एवं उनके सहयोगी के रूप में राजेश कुमार सिंह, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी, सुमन पटेल, सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी (तकनीकी), मीना श्रीवास्तव अपर जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

पुलिस कमिश्नर एवं जिलाधिकारी के नेतृत्व में आबकारी विभाग निरंतर एक्शन में

दैनिक बुद्ध का संदेश

गौतमबुद्धनगर। आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में व पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह एवं जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में अवैध शराब के निष्कर्षण एवं अवैध शराब के व्यापार के विरूद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत जिला आबकारी अधिकारी गौतम बुद्ध नगर राकेश बहादुर सिंह ने जानकारी देते

हुये बताया कि आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 2 रवि जायसवाल और सेक्टर 113 पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा सेक्टर 115 सोरखा स्थित हैप्पी हावर रेस्टोरेंट में शराब पिलाये जाने की सूचना पर दविश देकर रेस्टोरेंट संचालक अश्वनी मिश्र पुत्र दीनानाथ मिश्र, रंजीत कुमार पुत्र रामानंद सिंह को 08 कैन बियर व 06 बोतल व्हाइट एंड ब्लू ब्राण्ड की विदेशी शराब व कुछ खाली केन को बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 60 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को जेल भेजा गया है। जिला आबकारी अधिकारी राकेश बहादुर सिंह ने कहा कि आगे भी जिलाधिकारी के निर्देशन में अवैध शराब की बिक्री को लेकर आगे भी जनपद में निरंतर गहन सर्च अभियान जारी रहेगा। उन्होंने अवैध शराब का कारोबार करने वालों को सचेत करते हुए कहा है कि उनके विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत सख्त से सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

■ हैप्पी हावर रेस्टोरेंट में अवैध रूप से शराब पिलाये जाने पर रेस्टोरेंट संचालक अश्वनी मिश्र व रंजीत कुमार को गिरफ्तार कर आबकारी की सुसंगत धाराओं में मुकद्मा पंजीकृत करते हुये जेल भेजा

रिजर्व पुलिस लाईन चुर्क में शुक्रवार परेड की ली गई सलामी, किया गया निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। डॉ0 यशवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस

लाईन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली गई तथा परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड की दौड़ लगवाई। निरीक्षण के क्रम में महोदय द्वारा यू0पी0 –112 व थानों से आये वाहनों की गहनता से चेकिंग की गयी तथा पीआरवी पर तैनात पुलिस कर्मियों से वाहनों में उपलब्ध दंगा नियंत्रणध्सुरक्षा उपकरणों के सम्बंध में जानकारी लेते हुए उनकी चेकिंग की गयी। तत्पश्चात पुलिस लाईन चुर्क के कैण्टिन एवं पुलिस बैरकों व आवासीय परिसर का निरीक्षण कर सम्बंधित को मरम्मत और साफ–सफाई आदि के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।'इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइन संजीव कटियार, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाईन धर्मेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

गाँजे के साथ 02 नफर अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिहं के कुशल निर्देशन में अवैध मादक पदार्थ बरामदगी व इसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में 27 अप्रैल को क्षेत्राधिकारी ओबरा डॉ0 चारु द्विवेदी के निकट पर्यवेक्षण में थाना ओबरा पुलिस की टीम द्वारा काशीराम आवास के पास डाला रोड से कुल 02 नफर अभियुक्तगण के पास से कुल 2 किलो 500 ग्राम गाँजा बरामद कर गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना ओबरा पर मु0अ0सं0 101ध्23 धारा 8ध्20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की गयी।

घर घर जाकर कर रही है वोट की अपील,रिचा मिश्रा

दैनिक बुद्ध का संदेश

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी गीतापल्ली वार्ड 54 से प्रत्याशी

रिचा मिश्रा ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि जनता की मूलभूत समस्याएं बिजली–सड़क–पानी पर पहले वह कार्य करेंगे। उसके बाद क्षेत्र की जनता के बीच में जाकर पूछेंगे कि जिस प्रकार की जो भी समस्याएं हैं उनसे मिलकर उन समस्याओं को दूर किया जाएगा। रिचा मिश्रा भारतीय जनता पार्टी की सक्रिय सदस्य हैं और उनके पति आदर्श मिश्रा भारतीय जनता पार्टी के एक जुझारू कार्यकर्ता है। जनता ने इनको पूर्ण आश्वासन दिया है कि आप को भारी मतों से विजई बनाकर इस वार्ड का पार्षद बनाएंगे। रिचा मिश्रा का कहना है की जनता के समर्थन को देखते हुए हम इस वार्ड से भारी मतों से विजई होंगे साथ ही साथ उन्होंने मेयर प्रत्याशी सुषमा खर्कवाल के लिए भी वोट की अपील की और कहा कि वह भी प्रचंड मतो से विजई होंगी।

मनरेगा में मची लूट 66 मजदूरो की जगह 10 मजदूर कर रहे काम

दैनिक बुद्ध का संदेश

संतकबीरनगर। जहां एक तरफ सरकार मजदूरों को गांव में

ही काम देने के लिए प्रयास कर रही है वही ब्लॉक के अधिकारी एवं प्रधान की मिलीभगत से सरकार की मंशा पर पानी फेरने का काम किया जा रहा है। संतकबीरनगर जिले के विकासखंड सांथा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत फुलवरिया मे चल रहे मनरेगा कार्य में कागजों में 71 मजदूर आनलाइन काम कर रहे हैं। जिसमें 5 पीएम आवास बन रहे हैं शेष 66 मजदूर एक साइट पर काम कर रहे हैं। लेकिन जब मीडिया ग्राम पंचायत फुलवरिया में पहुंची तो पता चला कि 10 मजदूर रहमतुल्लाह के खेत तक एग्रो मार्ग कार्य पर काम करते नजर आए अगर देखा जाए तो 66 मजदूरों में से 10 मजदूर काम कर रहे हैं शेष 56 मजदूर काम नहीं कर रहे हैं उनका भी हाजरी लगाया जा रहा है देखा जाए तो 1 दिन में 56 मजदूरों का पैसा 11928 रुपया गबन किया जा रहा है।

जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

जिलाधिकारी	मो0:– 9454417530
मुख्य विकास अधिकारी	मो0:– 9454464749
एस डीएम नौगढ़	मो0:– 9454415936
एस डीएम बांसी	मो0:– 9454415937
एस डीएम डुमरियागंज	मो0:– 9454415939
एस डीएम इटवा	मो0:– 9454415939
एस डीएम शोहरतगढ़	मो0:– 9454415940
पुलिस अधीक्षक	मो0:– 9454400305
थाना मोहाना	मो0:– 9454404239
थाना जोगिया उदयपुर	मो0:– 9454404235
थाना गोलौरा	मो0:– 9454404233
थाना पथरा बाजार	मो0:– 9454404240
थाना त्रिलोकपुर	मो0:– 9454404243
थाना उसका बाजार	मो0:– 9454404244
थाना शोहरतगढ़	मो0:– 9454404241
थाना खेसरहा	मो0:– 9454404236
थाना इटवा	मो0:– 9454404234
थाना चिल्हिया	मो0:– 9454404229
थाना ढेबरूआ	मो0:– 9454404230
थाना भवानीगंज	मो0:– 9454404228
थाना मिश्रौलिया	मो0:– 9454404238
थाना सि0नगर	मो0:– 9454404242
थाना डुमरियागंज	मो0:– 9454404232
थाना लोटन	मो0:– 9454404237
महिला थाना	मो0:– 9454404891

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश



सीबीआई कोर्ट से बरी होने के बाद सूरज पंचोली का पहला पोस्ट, लिखा–द ट्रुथ ऑलवेज विन

जिया खान सुसाइड केसः अभिनेता सूरज पंचोली को आज मुंबई में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की एक विशेष अदालत ने जिया खान के मामले में बरी कर दिया। उन पर कथित तौर पर अभिनेत्री को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया गया था। जिया, जिन्हें अमिताभ बच्चन के साथ निशब्द में अभिनय के लिए जाना जाता था, 3 जून 2013 को मुंबई में अपने घर पर मृत पाई गईं। वह 25 वर्ष की थीं। मुंबई में सीबीआई की विशेष अदालत के न्यायाधीश एएस सैय्यद ने कहा– सबूतों की कमी के कारण, यह अदालत आपको पकड़ नहीं सकती (सूरज पंचोली) दोषी, इसलिए बरी किया जाता है। फैसले के कुछ ही घंटों बाद, सूरज ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर भगवान में अपने विश्वास को व्यक्त करते हुए एक स्टोरी साझा की। उन्होंने लिखा, द ट्रुथ ऑलवेज विन (हाथ जोड़कर और लाल दिल वाले इमोजी के साथ)।

केंद्रीय जांच ब्यूरो के अनुसार, 10 जून, 2013 को जांच शुरू करने वाली मुंबई पुलिस द्वारा जब्त किया गया पत्र जिया खान द्वारा लिखा गया था। सीबीआई ने दावा किया कि नोट में कथित तौर पर सूरज पंचोली के हाथों उसके षनिकट संबंध ा, शारीरिक शोषण और मानसिक और शारीरिक यातनाष के बारे में बताया गया था, जिसके कारण जिया ने आत्महत्या कर ली। सत्र अदालत के कहने के बाद मामला 2021 में एक विशेष सीबीआई अदालत को सौंप दिया गया था। इस मामले पर इसका अधिकार क्षेत्र नहीं था क्योंकि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने इसकी जांच की थी। विशेष सीबीआई न्यायाधीश एएस सय्यद ने दोनों पक्षों की अंतिम दलीलें सुनने के बाद पिछले हफ्ते 28 अप्रैल के लिए मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। जिया खान की मां राबिया ने कहा था कि षमैं चाहती हूं कि सच्चाई सामने आए, जिया खान ने अपनी जान नहीं ली। हमने तथ्यात्मक सबूतों के आधार पर सच्चाई को उजागर करने में 10 साल बिताए हैं। अब सही निष्कर्ष निकालना अदालत पर निर्भर है।ष पिछले साल, बॉम्बे हाई कोर्ट ने मामले की नए सिरे से जांच की मांग वाली उनकी याचिका खारिज कर दी थी। अपनी गवाही के दौरान राबिया खान ने सीबीआई कोर्ट को बताया था कि पंचोली जिया खान के साथ शारीरिक और मौखिक दुर्व्यवहार करते थे। उसने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस और सीबीआई ने यह साबित करने के लिए कानूनी सबूत एकत्र नहीं किए कि उनकी बेटी ने आत्महत्या की थी।

जम्मू–कश्मीर में पर्यटकों की भीड़ देखकर पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोग गदगद, शाहरुख खान व कार्तिक आर्यन समेत कई कलाकार भी पहुँचे शूटिंग के लिए

जम्मू–कश्मीर वापस से पर्यटकों के आकर्षण का सबसे बड़ा केंद्र तो बन ही चुका है साथ ही यहां फिल्मों और वेब सीरिज की भी जमकर शूटिंग हो रही है। इस समय हिंदी फिल्मों के तमाम छोटे बड़े अभिनेता कश्मीर में शूटिंग कर रहे हैं तो दूसरी ओर पर्यटकों की भीड़ को देखते हुए इस साल पुराने सारे रिकॉर्ड टूट जाने की उम्मीद है। इस बीच, वार्षिक अमरनाथ यात्रा की तैयारियां भी तेज हो गयी हैं। माना जा रहा है कि इस बार सर्वाधिक संख्या में श्रद्धालु आ सकते हैं क्योंकि कश्मीर के हालात अब पूरी तरह सामान्य हैं। जम्मू–कश्मीर पर्यटन को इस सबसे जहां खूब लाभ हो रहा है वहीं इस केंद्र शासित प्रदेश की अर्थव्यवस्था भी काफी सुदृढ़ हुई है।

पर्यटकों की संख्या के पिछले सभी रिकॉर्ड इस साल टूटेंगे

जहां तक पर्यटकों की बात है तो उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा है कि वह इस साल जम्मू–कश्मीर में दो करोड़ से ज्यादा सैलानियों के आने की उम्मीद कर रहे हैं और यह पिछले साल के रिकॉर्ड को तोड़ देगा। मनोज सिन्हा ने पत्रकारों से कहा, श्शपिछले साल और इस साल 300 से ज्यादा फिल्मों की शूटिंग हुई है। हम उस रिकॉर्ड को भी तोड़ेंगे।श्श उन्होंने कहा कि हमारी समस्या यह है कि हम अपने ही रिकॉर्ड के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करते हैं। पिछले साल 1.88 करोड़ पर्यटक जम्मू कश्मीर आए थे और मुझे उम्मीद है कि कि इस साल दो करोड़ से ज्यादा सैलानी आएंगे। हम नए रिकॉर्ड बनाएंगे और उन्हें तोड़ेंगे।

कश्मीर में खूब हो रही फिल्मों की शूटिंग

दूसरी ओर, फिल्मों की शूटिंग की बात करें तो हम आपको बता दें कि फिल्म अभिनेता शाहरुख खान ने मंगलवार को कश्मीर घाटी में अपनी आगामी फिल्म श्डंकीश की शूटिंग शुरू की। फिल्म की शूटिंग की शुरुआत सोनमर्ग के एक मनोरम पर्यटन स्थल में एक गाने के दृश्यों के फिल्मांकन के साथ शुरू हुई। फिल्म की शूटिंग करीब तीन दिन तक चली। फिल्म निर्माण से जुड़े एक सूत्र ने कहा, ''शाहरुख खान सोमवार को कश्मीर के सोनमर्ग पहुंचे थे। सोनमर्ग के थजवास इलाके में सुबह एक गाने के दृश्यों की शूटिंग शुरू हुई। इस गाने को मशहूर कोरियोग्राफर गणेश आचार्य ने कोरियोग्राफ किया।'' इसके अलावा इस समय फिल्म अभिनेता कार्तिक आर्यन भी कश्मीर में अपनी फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं।

अमरनाथ यात्रा 2023

जहां तक अमरनाथ यात्रा की बात है तो आपको बता दें कि जुलाई में शुरू होने वाली वार्षिक अमरनाथ यात्रा के मद्देनजर जम्मू क्षेत्र में सुरक्षा उपायों और सैनिकों की तैनाती पर चर्चा के लिए विभिन्न सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों की बैठक हुई। हम आपको बता दें कि दक्षिण कश्मीर में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित पवित्र गुफा के लिए दो महीने तक चलने वाली तीर्थ यात्रा एक जुलाई से शुरू होने वाली है और यह 31 अगस्त तक चलेगी। यात्रा दो मार्गों से की जा सकती है– पहली दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग में पहलगाम के जरिए, जो कि 48 किलोमीटर लंबा मार्ग है और दूसरी मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले से, जो कि 14 किलोमीटर छोटा है लेकिन खड़ी पहाड़ियों वाला मार्ग है। अधिकारियों ने कहा कि जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) मुकेश सिंह ने आगामी अमरनाथ यात्रा के संबंध में एक तैयारी बैठक बुलाई और क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस और सुरक्षा बल की तैनाती सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि बैठक की शुरुआत में वर्तमान सुरक्षा परिदृश्य और इस वर्ष यात्रा के लिए संभावित खतरों के मद्देनजर सीआरपीएफ, पुलिस और खुफिया एजेंसियों के अधिकारियों द्वारा एक विस्तृत चर्चा की गई। हम आपको बता दें कि अमरनाथ तीर्थयात्रा के लिये देश भर की नामित बैंक शाखाओं में पंजीकरण 17 अप्रैल से शुरू हो चुका है।

पोन्नियिन सेलवन 2 को मिला जनता का प्यार

पोन्नियिन सेलवन 2 ट्विटर रिव्यूरू बहुप्रतीक्षित मणिरत्नम की एपिक ड्रामा पोन्नियिन सेलवन 2 सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। अभिनेता विक्रम, कार्थी, जयम रवि, ऐश्वर्या राय बच्चन, तृषा कृष्णन, ऐश्वर्या लक्ष्मी, शोभिता धूलिपाला, प्रकाश राज, और विक्रम प्रभु सहित अन्य ने चोल राजवंश की कहानी बताने वाले महाकाव्य नाटक की दूसरी किस्त में अपनी भूमिकाओं को दोहराया। च्ै–2 की रिलीज ने प्रशंसकों की उम्मीदों को बढ़ा दिया है और सोशल मीडिया की समीक्षा इस बात का सबूत है कि वे फिल्म को पसंद कर रहे हैं। जहां कई लोगों ने आवधिक नाटक को एक ब्लॉकबस्टर करार दिया, वहीं कुछ ने इसे एसएस राजामौली की बाहुबली 2 से भी बड़ा बताया।

फिल्म पोन्नियिन सेलवन 2 लेखक कल्कि के इसी नाम के उपन्यास पर आधारित है। फिल्म का पहला भाग चोल राजकुमार अरुणमोझी वर्मन के प्रारंभिक जीवन का नाटक करता है, जो प्रसिद्ध सम्राट राजराजा प्रथम बने। 1955 में इसके प्रकाशन के बाद से, कई तमिल फिल्म निर्माताओं द्वारा श्पोन्नियिन सेलवनश उपन्यास के एक फिल्म रूपांतरण की खोज की गई थी।

हालांकि, वित्तीय बाधाओं के कारण यह कभी भी अमल में नहीं आया। यहां तक कि मणिरत्नम ने भी 1980 के दशक के अंत और 2010 की शुरुआत में उपन्यास को रूपांतरित करने का प्रयास किया लेकिन असफल रहे। इसे अपना ड्रीम प्रोजेक्ट कहते हुए, मणिरत्नम ने जनवरी 2019 में प्रयास को पुनर्जीवित किया। जबकि पहला भाग सितंबर 2022 में वापस रिलीज किया गया था। दूसरा भाग 28 अप्रैल को सिनेमाघरों में उतरा। ऑस्कर विजेता संगीतकार एआर रहमान ने च्ै–2 के लिए संगीत दिया।

आइये जानते हैं फिल्म को लेकर सोशल मीडिया की क्या रही प्रतिक्रिया–

एक यूजर ने लिखा– पोन्नियिन सेलवन 2 बहुत ही शांत और साफ सुथरी फिल्म है जो किसी विवाद को जन्म नहीं देती हैं। बहुत ही बारीकी से फिल्म को बनाया गया है। हर चीज पर निर्देशक ने ध्यान दिया हैं। यह फिल्म वाकई शानदार है।

एक अन्य ने कहा, ष्अभी–अभी **#PonniyanSelvan**2 देखी। व्यक्तिगत रूप से मैंने इसे पहली बार से अधिक आनंद के साथ देखा। रुडंदपत्जदंउ की बिल्कुल शानदार फिल्म रु।पींतलंत्प रुअपातंउ रुश्रंलंउत्अप ने फिल्म को ऐर अच्छा बना दिया है। एक शानदार फिल्म देखने से न चूकें।ष एक तीसरी टिप्पणी पढ़ी, ष्पोन्नियिन सेलवन 2 एक शब्द की समीक्षारू विजेता। मणिरत्नम का एक शानदार सीक्वल। रुबैपलंदटपातंउ, फेसऑफ सीन, पूरी कास्ट से अच्छा परफॉरमेंस। संगीत, छायांकन और कला अपने शीर्ष पायदान पर है। कुल मिलाकर एक नीट पीरियड ड्रामा।

गंगूबाई काठियावाड़ी ने जीता बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड, राजकुमार राव बनें सर्वश्रेष्ठ अभिनेता

फिल्मफेयर अवार्ड्स विजेताओं की पूरी सूचीः मुंबई में हुए फिल्मफेयर अवॉर्ड्स में आलिया भट्ट और राजकुमार राव ने बड़ी जीत हासिल की। आलिया ने अपनी फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी के लिए

सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता। इसके अलावा इस फिल्म ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म, सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार भी जीता। राजकुमार ने बधाई दो के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता, जिसमें भूमि पेडनेकर भी थीं। उन्होंने फिल्म के लिए तब्बू के साथ सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (आलोचकों) का पुरस्कार साझा किया, जिन्होंने भूल भुलैया 2 में अपनी दोहरी भूमिका के लिए जीत हासिल की। इस समारोह की मेजबानी सलमान खान, मनीष पॉल और आयुष्मान खुराना ने की।

यहां पूरी विजेताओं की सूची हैः सर्वश्रेष्ठ फिल्मः गंगूबाई काठियावाड़ी सर्वश्रेष्ठ फिल्म (आलोचक) : बधाई दो प्रमुख भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (पुरुष)ः बधाई दो के लिए राजकुमार राव प्रमुख भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (महिला)ःगंगूबाई काठियावाड़ी के लिए आलिया भट्ट सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (आलोचक) : वध के लिए संजय मिश्रा सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (आलोचक)ः बधाई दो के लिए भूमि पेडनेकर और भूल भुलैया 2 के लिए तब्बू सर्वश्रेष्ठ निर्देशकः गंगूबाई काठियावाड़ी के लिए संजय लीला भंसाली सहायक भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (पुरुष)ः जुगजग जीयो के लिए अनिल कपूर सहायक भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (महिला)ः बधाई दो के लिए शीबा चड्ढा सर्वश्रेष्ठ संगीत एल्बमः ब्रह्मास्त्र के लिए प्रीतमःभाग एक – शिव सर्वश्रेष्ठ संवादः गंगूबाई काठियावाड़ी के लिए प्रकाश कपाड़िया और उत्कर्षिनी वशिष्ठ सर्वश्रेष्ठ पटकथाः बधाई दो के लिए अक्षत घिल्डियाल, सुमन अधिकारी और हर्षवर्धन कुलकर्णी सर्वश्रेष्ठ कहानीःबधाई दो के लिए अक्षत घिल्डियाल और सुमन अधिकारी बेस्ट डेब्यू (मेल)ः अंकुश गेदम (झुंड) बेस्ट डेब्यू (फीमेल)ः कई के लिए एंड्रिया केविचुसाइ बेस्ट डेब्यू डायरेक्टरः वध के लिए जसपाल सिंह संधू और राजीव बरनवाल लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्डः प्रेम चोपड़ा सर्वश्रेष्ठ गीतः ब्रह्मास्त्रः भाग एक – शिवा से केसरिया के लिए अमिताभ भट्टाचार्य सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायक (पुरुष)ः ब्रह्मास्त्र से केसरिया के लिए अरिजीत सिंह सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायिका (महिला)ः कविता सेठ, जुगजग जीयो से रंगिसारी के लिए आगामी संगीत प्रतिभा के लिए आरडी बर्मन पुरस्कारः गंगूबाई काठियावाड़ी से ढोलिदा के लिए जाह्नवी श्रीमांकर सर्वश्रेष्ठ वीएफएक्सः डीएनईजी और ब्रह्मास्त्र के लिए पुनर्परिभाषित सर्वश्रेष्ठ संपादनः एन एक्शन हीरो के लिए निनाद खानोलकर बेस्ट कॉस्ट्यूम डिजाइनः गंगूबाई काठियावाड़ी के लिए शीतल शर्मा बेस्ट प्रोडक्शन डिजाइनः गंगूबाई काठियावाड़ी के लिए सुब्रत चक्रवर्ती और अमित रे सर्वश्रेष्ठ ध्वनि डिजाइनः ब्रह्मास्त्र के लिए बिश्वदीप दीपक चटर्जी बेस्ट बैकग्राउंड स्कोरः गंगूबाई काठियावाड़ी के लिए संचित बलहारा और अंकित बलहारा बेस्ट कोरियोग्राफीः गंगूबाई काठियावाड़ी की धोलिदा के लिए कृति महेश सर्वश्रेष्ठ छायांकनः गंगूबाई काठियावाड़ी के लिए सुदीप चटर्जी बेस्ट एक्शनः विक्रम वेधा के लिए परवेज शेख

जब महेश भट्ट ने मौसमी की प्रेग्नेंसी को लेकर कही थी यह बात, एक्ट्रेस ने दिया करारा जवाब

बॉलीवुड एक्ट्रेस मौसमी चटर्जी की गिनती बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्रियों की लिस्ट में होती है। अपने फिल्मी करियर के दौरान एक्ट्रेस ने कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। मौसमी अपनी बेहतरीन एक्टिंग, खूबसूरती और बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। एक्ट्रेस ने एक बार अवॉर्ड शो के दौरान फिल्म मेकर महेश भट्ट की बोलती बंद कर दी थी। इस बात का खुलासा एक्ट्रेस ने हाल ही में एक मीडिया संस्थान को दिए गए इंटरव्यू में किया है। मौसमी ने कहा कि एक बार महेश भट्ट ने उनसे कहा था कि जब तुम्हारा करियर आगे बढ़ रहा होता है,तब तुम प्रेग्नेंट हो जाती हो, जो तुम्हारे करियर में रुकावट बनती है। इस पर एक्ट्रेस ने उन्हें मुहंतोड़ जवाब दिया था। मौसमी ने महेश भट्ट के इस कमेंट पर कहा था कि ये सब मेरी जिंदगी में रंग भर रहे हैं, बाधा नहीं हैं। इंटरव्यू के दौरान एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने प्रेग्नेंसी को लेकर भी कोई प्रेशर महसूस नहीं किया। उन्हें ऐसा कभी नहीं लगा कि उनका करियर खत्म हो जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि मेरे लिए स्टार वैल्यू या स्टारडम इतना मायने नहीं रखता था। उन्होंने इस बात का भी खुलासा किया कि, जब अभिनेत्री रोटी कपड़ा और मकान के दौरान प्रेग्नेंट हो गई थीं। तब मनोज कुमार उनसे नाराज हो गए थे। वर्कफ्रंट की बात करें तो मौसमी चटर्जी ने अनुरागन्न, रोटी कपड़ा और मकानन्न, मंजिलन्न, अंगूरन्न, घर एक मंदिरन्न, पीकून्न जैसी कई फिल्मों में दमदार एक्टिंग की थी।

फाइटर के क्लाइमैक्स के लिए 120 घंटे की शूटिंग करेंगे ऋतिक रोशन, अगले साल गणतंत्र दिवस पर रिलीज होगी फिल्म

बॉलीवुड के माचो हीरो ऋतिक रोशन अपनी आने वाली फिल्म फाइटर के क्लाइमैक्स के लिए 120 घंटे की शूटिंग करेंगे। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बन रही फिल्म फाइटर में ऋतिक रौशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर की मुख्य भूमिका है। चर्चा है कि फिल्म फाइटर का क्लाइमैक्स करीब 120 घंटे तक शूट किया जाएगा। कहा जा रहा है कि फिल्म फाइटर में क्लाइमैक्स सीन करीब 25 मिनट का होगा और इसके लिए मेकर्स ने हाई लेवल की प्लानिंग कर रखी है। फाइटर को भारत में पहली एरियल एक्शन फ्रैंचाइजी माना जा रहा है। फाइटर का क्लाइमैक्स फिल्म का सबसे बड़ा आकर्षण होने वाला है। इसी को देखते हुए सिद्धार्थ और उनकी एक्शन टीम ने एक लार्जर दैन लाइफ शूटिंग की योजना बनाई है। फिलहाल फिल्म की शूटिंग मुंबई में चल रही है और अगले दो महीनों में इसकी फोटोग्राफी पूरी कर ली जाएगी। फिर वीएफएक्स प्रोसेस शुरू होगी। निर्माताओं ने वीएफएक्स के लिए ऑस्कर विजेता टीम डीएनईजी को रखा है। फिल्म अगले साल गणतंत्र दिवस पर रिलीज होगी।